बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार





संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 187 | सोमवार 28 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया


**[सुविचार]**




# सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं

**–वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर पत्रों पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा**

**पुणे (एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम सीजेआई ने कहा कि हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई।

चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मैच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा कि कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। सीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता।



### जजों को सोचने का समय नहीं

अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है। जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।

### कोलेजियम की जिम्मेदारी राज्य-केंद्र और ज्यूडिशियरी में बंटी

सीजेआई ने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती। ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मैच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। सीजेआई ने कहा कि जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है। हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है।

### पूरी दुनिया की न्यायपालिका में बदलाव आया

सीजेआई ने कहा कि सोशल मीडिया के कारण फैसला सुनाने में पूरी दुनिया की न्यायपालिकाओं में बदलाव आया है। हालांकि, जजों को अपनी बातों को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत होती है। जजों को सही भाषा का इस्तेमाल करना होता है। सोशल मीडिया हमारी सोसाइटी के लिए अच्छा है, क्योंकि यह यूजर्स को सोसाइटी के एक बड़े वर्ग तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में हुए 25 से ज्यादा ट्रेन हादसे, कई की गई जान

**–बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़ पर शिवसेना सांसद ने जताई चिंता, उठाए सवाल**



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर रविवार तड़के हुई एक भगदड़ ने यात्री सुरक्षा और रेलवे प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है। हादसे के समय प्लेटफार्म पर यात्रियों की बहुत ज्यादा भीड़ थी, जिसके कारण कई लोग घायल हो गए हैं। इस घटना पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद एवं प्रवक्ता संजय राउत ने गंभीर चिंता व्यक्त की है।

राउत ने कहा कि जब से पीएम मोदी की सरकार सत्ता में आई है, तब से देश में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हुए हैं। इनमें सैकड़ों लोग अपनी जान जा चुकी है। यह सवाल उठता है कि क्या यह स्थिति अब भी सहन की जाएगी? उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई जैसे शहर में जहां सबसे ज्यादा यात्री यात्रा करते हैं, वहां की रेलवे स्थिति पर गंभीर सवाल हैं। राउत ने आगे कहा कि सरकार बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन के बारे में बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। बांद्रा हादसे में घायल हुए यात्रियों का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई से सबसे ज्यादा राजस्व मिलने के बावजूद शहर के विकास और नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए, रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की अधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। इस भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिसकर्मी असमर्थ नजर आए। इसके परिणामस्वरूप, साप्ताहिक चलने वाली बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रीशेड्यूल करना पड़ा।

इस घटना ने मुंबई की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय राउत की प्रतिक्रियाओं ने न केवल रेलवे प्रशासन बल्कि स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारियों की ओर भी ध्यान आकर्षित करती है। यह हादसा एक बार फिर से यह पुष्टि करता है कि समय रहते सुधार और व्यवस्थापन की जरूरत है, ताकि भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा तय की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे 12 बांग्लादेशी गिरफ्तार, एक बच्चा भी शामिल

अगरतला। बांग्लादेश में अराजकता और हिंसा के कारण अवैध घुसपैठ जारी है। अधिकारियों के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने त्रिपुरा में अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे 12 बांग्लादेशी नागरिकों और एक बच्चे को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि अगरतला रेलवे स्टेशन के पास एक मोबाइल चेक पोस्ट बनाया गया था, जहां नौ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों ने पूछताछ में बताया कि वह भारत में स्थायी रूप से बसने के लिए कोलकाता जाने की योजना बना रहे थे। एक अन्य अभियान में, दक्षिण त्रिपुरा में बेलोनिया के बीएसएफ जवानों ने मुहुरी नदी किनारे चार महिलाओं और दो बच्चों को हिरासत में लिया है। इनमें से तीन महिलाएं और एक बच्चा बांग्लादेशी हैं, जबकि एक महिला और एक बच्चा भारतीय हैं। यह भी बताया गया कि हिरासत में लिए गए लोग एक-दूसरे को जानते थे। पिछले साढ़े तीन महीनों में, सरकारी रेलवे पुलिस, बीएसएफ और त्रिपुरा पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद अगरतला रेलवे स्टेशन और त्रिपुरा के कई स्थानों से करीब 435 बांग्लादेशी नागरिकों और 55 से ज्यादाय रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि अवैध घुसपैठ और सीमा पार अपराधों को रोकने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा और राज्य में अभियान तेज कर दिया है। बीएसएफ ने 24 अक्टूबर को बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश कराने के आरोप में दो भारतीय दलालों को भी गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश में अशांति के बाद से, त्रिपुरा के साथ 856 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रोहिंग्या भी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में अपने शिविरों से भागकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए हैं, जहां 2017 से म्यांमार से आए 10 लाख से ज्यादा विस्थापित रोहिंग्या रह रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं ने बताया है कि वे नौकरी और आश्रय की तलाश में अवैध रूप से भारत में घुसे हैं।

### मध्य प्रदेश में नाबालिग से छेड़खानी के आरोप में युवक गिरफ्तार

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में 14 वर्षीय छात्रा से छेड़खानी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अमलाई पुलिस थाने के प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने आरोप लगाया कि लगातार छेड़खानी से परेशान होकर उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। शर्मा के अनुसार, छात्रा ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी ने कथित तौर पर लड़की को परेशान किया और उसका हाथ पकड़ने की भी कोशिश की। शर्मा के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर आपराधिक बल प्रयोग या हमला करना), 78 (पीछा करना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया।


दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9911733939









**वान्या शर्मा को जन्मदिवस की संस्कार उजाला समाचार पत्र परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं**

# जब बिहार में शराबबंदी लागू है तो राजद ने कंपनियों से क्यों लिया करोड़ों का चंदा?

**–जदयू के नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बोला जोरदार हमला**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है बिहार में जब शराबबंदी लागू है तो फिर उन्होंने शराब बनाने वाली कंपनियों से चंदा क्यों लिया? नीरज ने यह बात एक संवाददाता सम्मेलन में कही। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार को बदनाम करने के लिए तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले शराब बनाने वाली कंपनियों से इलेक्ट्राल बांड के रूप में 46.64 करोड़ रुपए लिए थे। शराबबंदी के विषय में उनका अनर्गल प्रलाप महज संयोग नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग है।



नीरज ने कहा कि जहरीली शराब से होने वाली मौत पर राजनीतिक टिप्पणी करने से पहले तेजस्वी को एनसीआरबी का डाटा देख लेना चाहिए। राबड़ी देवी के शासनकाल (1999-2005) में जहरीली शराब से होने वाली मौत के आंकड़े मुताबिक पूरे देश में बिहार छठे स्थान पर था। वही, नीतीश कुमार के शासनकाल में जब शराबबंदी लागू नहीं थी तब बिहार आठवें स्थान पर था। शराबबंदी लागू होने के बाद बिहार 13वें स्थान पर आ गया। राबड़ी देवी के शासन काल में जहरीली शराब से 456 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने सवाल किया क्या इसकी जिम्मेदारी लालू प्रसाद लेंगे? यह राजद को स्पष्ट करना चाहिए।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बयान जारी कर कहा कि राजो बाबू के निधन से समाजवादी आंदोलन और बिहार को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे कर्मठ व अपने कार्यों के प्रति ईमानदार थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि उनके सम्मान में राजद के राज्य कार्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू आदि ने शोक प्रकट किया है। राजो बाबू मधेपुरा से कांग्रेस व राजद के टिकट पर विधायक रहे थे। वार्ड कमिश्नर से शुरू हुई उनकी राजनीतिक-यात्रा नगरपालिका के अध्यक्ष, विधायक होते हुए उद्योग राज्य मंत्री तक पहुंची। बता दें शुक्रवार रात राजो बाबू में अंतिम सांस ली थी।

# केंद्र का दीपावाली तोहफा, 80 साल से ज्यादा उम्र वालों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन में एक नई सुविधा जोड़ दी है। सरकार ने 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अनुकंपा भत्ता देने का फैसला लिया है। यह जानकारी लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा दी गई है।




मंत्रालय के मुताबिक 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अब अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे पेंशन का वितरण आसान और तेजी से किया जा सकेगा। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के तहत पेंशनर्स को मूल पेंशन के साथ अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता मिलेगा। जिसमें 80 से 85 साल के लिए मूल पेंशन का 20फीसदी, 85 से 90 के लिए मूल पेंशन का 30 फीसदी, 90 से 95 साल के लिए मूल पेंशन का 40 फीसदी, 95 से 100 साल के लिए मूल पेंशन का 50 फीसदी और 100 साल से ज्यादा उम्र के लिए मूल पेंशन का 100 फीसदी शामिल है। जैसा कि यदि किसी पेंशनर की आयु 81 साल है और उसे 5,000 रुपए की पेंशन मिल रही है, तो उसे अतिरिक्त पेंशन के रूप में 1,000 रुपए और मिलेंगे। इसी तरह 85 से 90 साल के पेंशनर को 1500 रुपए अनुकंपा भत्ता मिलेगा।

मंत्रालय के मुताबिक जब पेंशनर की आयु सीमा 80 साल तक पहुंचेगी, तो उस महीने के पहले दिन से अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता लागू हो जाएगा। यह निर्णय पेंशनर्स के जीवन-यापन को आसान बनाने के लिए लिया गया है, ताकि उन्हें कोई आर्थिक समस्या न हो। सभी पेंशनर्स को समय पर अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिले। इसके लिए मंत्रालय ने संबंधित विभागों और बैंकों को सूचना भेजने का निर्देश दिया है।

# बेफिक्र रहिये! न कोई कटेगा और न कोई बटेगा


राकेश अचल

**दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.।**

आखिर होसबोले भी वो ही बोले जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले कई महीनों से लगातार बोलते आ रहे हैं। दोनों की बोली और शब्दों का स्वरूप एक ही है। दोनों देश के बहुसंख्यकों को भयभीत कर रहे हैं कि यदि बँटोगे तो कटोगे। दोनों के निशाने पर देश के वे अल्पसंख्यक हैं जिन्हें आरएसएस आजादी के 77 साल बाद भी भारत का नागरिक नहीं मानता। आरएसएस और महंत योगी आदित्यनाथ के बोल एक संप्रभु, विविधवर्णी देश कि जड़ों में मठा डाल रहे हैं। मै उन लोगों में से नहीं हूँ जो आरएसएस को आतांकवादी संगठन मानते हैं। मै आरएसएस को राष्ट्रद्रोह संगठन भी नहीं कहता, लेकिन मेरे मानने और कहने से कुछ नहीं होता क्योंकि आरएसएस जो है वो खुद प्रमाणित कर रहा है, और तब कर रहा है जब इस विशिष्ट देश ने आरएसएस को 99 साल तक अपनी कोख में पाला पोसा है। ये संघ का शताब्दी वर्ष है। देश ने कभी नहीं कहा कि आरएसएस को भारत में नहीं होना चाहिए। लेकिन आरएसएस है जो न सिर्फ खुद बल्कि अपनी दत्तक संतानों से भी यही कहला रही है कि इस देश को कांग्रेस विहीन होना चाहिए।

दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.। दत्तात्रेय होसबाले अभी आरएसएस के सरकार्यवाह हैं उन्हें सरसंघ चालक बनने से पहले वो सब करना और कहना पडेगा जो न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि अपरिहार्य भी है।

दुर्भाग्य की बात ये है कि संघ और संघ का दत्तक पुत्र भाजपा एक विचार है, ऐसा विचार जो न सामयिक है और न आवश्यक। संघ और भाजपा का व्यवहार दुनिया में रूढ़ियों से घिरे तालिबानियों से बहुत कुछ मेल खाता है। संघ देश कि विविधता में यकीन करता ही नहीं है, संघ हिन्दुओं कि श्रेष्ठता में न सिर्फ यकीन करता है बल्कि उसे बहुसंख्यक हिन्दुओं के मन-मस्तिष्क में अंगद के पैर की तरह जमा देना चाहता है। दुर्भाग ये कि संघ को लगभग एक सदी में भी इस योजना में कामयाबी नहीं मिली। मुझे लगता है कि इस अभियान को साकार करने के लिए संघ को सात जन्म तो लेना ही पड़ेंगे।

होसबाले 2021 से सरकार्यवाह के रूप में कार्यरत हैं, वे 2024 से 2027 तक अपने इस पद पर रहने वाले हैं दत्तात्रेय होसबाले और योगी आदित्यनाथ में और कोई समानता हो या न हो लेकिन एक समानता ये है कि ये दोनों यदुवंशी हैं। दोनों अविवाहित हैं और दोनों बाल्य-काल से एक खास तरह की दीक्षा से गुजरे हैं जो कोसों तक भारत की राजनीति से मेल नहीं खाती। होसबोले 56 साल से संघ



के साथ हैं और आजीवन रहने वाले हैं। उनका एकमेव लक्ष्य वही है जो 1925 में श्रीमंत केशव वलीराम हेडगवार साहब ने तय किया था। उनका लक्ष्य तो सौ साल में भी पूरा नहीं हुआ लेकिन इस देश को आजाद करने का जो लक्ष्य महात्मा गाँधी ने 81 साल पहले तय किया था वो न सिर्फ फलीभूत हो चुका है बल्कि पल्लि्वत -पुष्पित भी हो रहा है।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै संघ का और समस्त संघमित्रों का बहुत सम्मान करता हूँ। सम्मान इसलिए कि वे बहुत त्यागी होते है। सादगी पसंद होते हैं। उन्होंने सादगी हेडगेवार से नहीं बल्कि शायद महात्मा गाँधी से सीखी है। देश और दुनिया ने गांधी की सादगी को तो अंगीकार कर लिया किन्तु हेडगेवार साहब के हिन्दू राष्ट्र को स्वीकार नहीं किया। यदि किया होता तो ये देश 1947 में ही हिन्दू राष्ट्र बन जाता। हिन्दू राष्ट्र बनकर नेपाल ने देख लिया है। इस्लामिक राष्ट्र बनकर पाकिस्तान ने भी देख लिया है। इन्हें क्या हासिल हुआ ये बताना जरूरी नहीं है। चिंता की बात ये है कि संघ तमाम हकीकत जानते हुए भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है।

हमारे बुंदेलखंड में होंस को उत्साह या गर्व कहते हैं और होंस से बोलने वालों को गवीर्ला मना जाता है किन्तु दत्तात्रय जी जो बोल रहे हैं उसमें गर्वोक्ति बिलकुल नहीं है केवल दम्भ है दम्भ। इस दम्भ से देश कि गंगा-जमुनी संस्कृति तबाह हो रही है। संघ और सभी संघमित्र गंगा-जमुनी संस्कृति में यकीन करते ही नहीं हैं। उन्हें लगता है कि संस्कृति मुगलों कि देन है और इसका वसुधैव कुटुंबकम से कोई मेल नहीं है, कोई बराबरी नहीं है। जबकि हकीकत कुछ और है। इस हकीकत को न संघ समझना चाहता है और न हमारी भाजपा। समझे तो आखिर कैसे समझे? उसे तो देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना है।

देश हिन्दू राष्ट्र बने तो मुझे भी क्या आपत्ति हो सकती है लेकिन हमारा तजुर्बा बता रहा है कि अब बहुत देर हो चुकी है। देश जो राष्ट्र बन चुका है उसे अब बिगाड़ा नहीं जा सकता। नया देश बनाने के लिए बहुत लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ती है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश कि जनता ने ये लड़ाई लड़ी है, लड़ी ही नहीं उसे जीता भी है। इस जीत में संघ का कितना योगदान है ये दुनिया जानती है और संघ भी। अब लगता है कि संघ 1947 से पहले कि गयी अपनी भूल सुधार करने कि कोशिश करना चाहता है। देश को एक बार फिर से नया नाम देना चाहता है। और इसी के लिए बँटोगे तो कटोगे का नारा दिया गया है। महात्मा गाँधी ने देश को करो या मरो का नारा दिया था और होसबोले देश को बँटोगे तो कटोगे का नारा दे रहे हैं।

आपको याद रखना होगा कि महात्मा गाँधी भी राम भक्त थे और संघमित्र दत्तरी होसबोले भी राम भक्त है। पूरा संघ रामभक्त है। पूरी भाजपा रामभक्त है लेकिन पूरा देश रामभक्त नहीं है। राम का सम्मान सब करते हैं। उन्हें देवता भी मानते हैं। मुसलमान भी उन्हें इमामे-हिन्द कहते हैं। यहां राम को मानने वाले भी हैं और न मानने वाले भी, लेकिन सब हैं भारतीय। और ऐसे भारतीय जिनका जन्म दत्तात्रय होसबोले से पहले हुआ था। उन्हें भारतीयता का प्रमाणपत्र न संघ से चाहिए और न होसबोले से। उनका आधारकार्ड ही उनके भारतीय होने का प्रमाण है। और संयोग से ये प्रमाणपत्र संघ कार्यालय से नहीं भारत सरकार के कार्यालय से जारी होता है।

मुझे हैरानी तो ये है कि डॉ मोहन भागवत हों या माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी इस हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, उलटे बार-बार इस हकीकत को ठुकराना चाहते हैं। इन सभी महनुभवों ने देश कि जनता के एक बड़े वर्ग के मन में भय पैदाकरने कि कोशिश की, लेकिन जब ये कोशिश भी असरकारी साबित नहीं हुई तो सबका साथ, सबका विकास से शुरू होकर अब बँटोगे तो कटोगे तक आ पहुंचे हैं। संघ और भाजपा जबरन हिन्दुओं के ठेकेदार बन गए है। जब संघ और भाजपा नहीं थी तब भी इस देश में हिन्दू थे, हिंदुत्व था।

हमारे संघमित्र शायद नहीं जानते कि भारत पर आर्यों ने, फारसियों ने, अलेक्जेंडर ने सेल्यूकस ने, यवनों ने, हूणों ने, अरबों ने मुगलों ने और अंग्रेजों ने हमला किया, शासन किया लेकिन हिन्दू तब भी थे और आज भी हैं। मै संघमित्रों को यकीन दिलाना चाहता हूँ कि भारत में हिन्दू कल भी रहेंगे और बहुसंख्यक बनकर ही रहेंगे, वे न बंटेंगे और न कोई उन्हें काट पायेगा। ये कोशिश सियासत जरूर करती है, लेकिन सियासत भी हर बार कामयाब नहीं होती। कभी-कभी संघ कि विचारधार को कामयाबी मिलती है। जनता भी संघमित्रों को मौका देती है, लेकिन जब हकीकत समझती है तो अपना फैसला बदल भी लेती है। ये लोकतंत्र की विशेषता है। संघ मित्र आज सत्ता में हैं, कल शायद नहीं होंगे और परसों मुमकिन है कि उन्हें फिर सत्ता में आने का मौका मिले। लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि संघमित्र भारत को जबरदस्ती हिन्दू राष्ट्र ; बनाने कि जिद और कोशिश छोड़ दे।

मुझे संघ कि कोशिशों पर भी यकीन है और जनता पर भी। जनता अंततः जनार्दन है। जनता भी नेताओं कि तरह घाट-घाट का पानी पीती है। जनता ने बीते 77 साल में कांग्रेसियों को भी देखा, समाजवादियों को भी देखा, वामपंथियों को भी देखा, संघियों को भी देख लिया है। जनता जिस दिन चाहेगी कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है उस दिन जनता बना लेगी। जनता को तब न संघ की जरूरत होगी न भाजपा की और न कांग्रेस की। संघ यदि सांस्कृतिक संघठन है तो यही काम ईमानदारी से करे। राजनीति करना छोड़ दे। भाजपा का प्रचार करना छोड़ दे। उसके लिए पसीना बहाना त्याग दे। संघ क्या करे या न करे ये तय करना संघ का अपना काम है।

हमारा काम तो मुर्गे की तरह बांग देने का है। हम भले ही रोज हलाल होते रहें किन्तु बांग देना बंद करने वाले नहीं है। बांग मुर्गा अकेला नहीं देता। मुल्ला भी देता है, पंडित भी देता है, शंकराचार्य जी देते हैं। पॉप और पादरी भी करते है। सेवादार भी देते है। जागरण का दूसरा नाम ही बांग देना है। बांग सुनकर जिन्हें जागना होता है वो जाग जाते हैं और जो जंबोझकर अनसुनी करते हैं उनका भगवान ही मालिक होता है। मुर्गे की बांग सभी के लिए होती ह। उसका हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई से कोई लेना देना नहीं है। जो जगे उसका भी भला और जो न जगे उसका भी भला। मुर्गा सूफी होता है। धर्म निरपेक्ष होता है। उसे जो चाहे काटकर खा सकता है लेकिन मुर्गा कल भी बांग दे रहा था और आज भी अलार्म के जमाने में उसने बांग देना बंद नहीं किया है, हमारी तरह।

## संपादकीय

### मजबूरी की योजनाएं

भारत सरकार स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़. रुपए खर्च करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की मीटिंग में यह तय हुआ। आर्थिक मामलों की समिति ने रेल मंत्रालय के 6,798 करोड़.रुपए के दो प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति व निजी क्षेत्र की भागीदारी द्वारा भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलने की उम्मीद की जा रही है। उत्तर बिहार में रेल विकास के लिए साढ़े चार हजार करोड़. रुपए और आंध्र प्रदेश की



राजधानी अमरावती को रेलवे से जोड़ने के लिए करीब सवा दो हजार की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस तीसरे कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार अपने पिछले चुनावी वादों को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्ध नजर आना चाहती है। बिहार में 256 कलोमीटर की रेल लाइन का दोहारीकरण किया जाएगा, जिससे नेपाल व पूर्वोत्तर का मार्ग जुड़ने से यात्री ट्रेनों के साथ माल-गाड़ियों की आवाजाही में सुविधा हो जाएगी। एनड़ीए सरकार बनने बाद से मोदी बिहार और आंध्र को विशेष तवज्जो दे रहे हैं। जेड़ी (यू) व टीड़ीपी को संतुष्ट रखने को केंद्र की मजबूरी के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों दलों ने उस वक्त मंत्रालयों की बजाए राज्यों के विकास के लिए विशेष पैकेजों की खास शर्तं रखी थीं। इसलिए इन प्रस्तावों को दिवाली के तोहफे के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि पिछली कैबिनेट बैठक में रेल कर्मचारियों को बोनस व कृषि योजनाओं को मंजूरी दी थी। सरकारी कर्मचारियों के भत्ते व मंहगाई राहत की दरों को बढ़ा कर सरकार ने सबको साधने वाले पुराने नुस्खे को आजमाया है। बैठक में दिवाली व छठ के लिए स्पेशल ट्रेनों सहित तकरीबन सात हजार ट्रेनें चलाने का भी ऐलान किया। इससे त्योहारों में बड़ी संख्या में घर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधा होगी। देश के आर्थिक हालात व सीमित आय के दरम्यान किन्हीं अन्य क्षेत्रों में कटौती कर सरकार अपने इन सहयोगी दलों के बड़े. हो रहे पेट भरने के प्रयास कर रही है, जबकि केंद्र के लिए हर राज्य की जिम्मेदारी समान है, जिसकी अवहेलना करना उसे शोभा नहीं देता।

## चिंतन-मनन

### प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई।

सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शाछ्वाह में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# वैश्विकी: एशिया में कहीं शांति कहीं युद्ध


डॉ. दिलीप चौबे

इस सप्ताह एशिया में कहीं शांति और कहीं युद्ध का नजारा दिखा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान जहां एशिया की दो महाशक्तियों भारत और चीन ने सीमा पर तनाव कम करने और संबंधों को पटरी पर लाने का प्रयास किया वहीं पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच शक्ति परीक्षण जारी रहा। राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जहां रूस को अलगझ्रथलग करने की पश्चिमी देशों की कोशिश नाकाम सिद्ध हुई वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह को बल मिला कि वार्ता और कूटनीति से समस्याओं का समाधान संभव है।

यह दावा कोई नहीं करता कि भारत और चीन के विवाद का स्थाई समाधान हो गया है लेकिन दोनों देश जिस रास्ते पर चल रहे हैं उससे यह आशा बंधती है कि भविष्य में सैन्य संघर्ष की स्थिति नहीं बनेगी। दूसरी ओर पश्चिम एशिया का घटनाक्रम इसके ठीक विपरीत है। दुनिया में इस समय संघर्ष के दो क्षेत्र हैं-यूक्रेन और पश्चिम एशिया। इनमें एक बात समान है। अमेरिका और पश्चिमी देश संघर्ष के इन दोनों क्षेत्र से जुड़े. हुए हैं। यह कहना बेमानी नहीं होगा कि पश्चिमी देशों की गैरझ्रजिम्मेदाराना नीतियों के कारण इन संघषाड्ड के समाधान की बजाय इनका विस्तार हुआ। यूक्रेन संघर्ष का समाधान शुरूआती दौर में ही संभव था लेकिन ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और अन्य नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को युद्ध जारी रखने के लिए उकसाया। इन देशों की ओर से यूक्रेन को हथियारों की बड़े पैमाने पर आपूर्ति की गई। अमेरिका का रणनीतिक लक्ष्म था कि रूस को सैनिक ड्डष्टि से कमजोर किया जाए। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों के जरिए उसकी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ी जाए। करीब ढाई साल बाद भी अमेरिका इन लक्ष्म को हासिल नहीं कर पाया। आर्थिक और सैनिक दृष्टि से रूस आज पहले से अधिक शक्तिशाली है। दूसरी ओर एक देश के रूप में यूक्रेन का अस्तित्व ही दांव पर है। इस समय यदि कोई शांति पहल होती है तो यह यूक्रेन के लिए घाटे का सौदा होगा। कुछ सीमा तक यह बात पश्चिम एशिया पर भी लागू होती है। पिछले वर्ष इस्राइल पर हमास के हमले के बाद यदि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने समस्या के मूल कारणों की पहचान और उनके समाधान की कोशिश की होती तो संघर्ष इतना विकराल रूप नहीं लेता। लेकिन इस्राइल के युद्ध पीपासु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलीस्तीन को सबक सिखाने पर आमादा थे। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने शांति की बजाय खून-खराबे को प्रोत्साहन दिया। आज के सोशल मीडिया के युग में युद्ध और मानव त्रासदी के समाचार और दृश्य आम आदमी तक पहुंचाते हैं। गाजा में मासूम बच्चों की मौत और खंडहरों के बीच जीवन के लिए जूझ रहे लोगों की तस्वीर दिल दहलाने वाली हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में इस मानव त्रासदी को आमतौर पर नजरअंदाज किया गया। लेकिन सोशल मीडिया के जरिए जो समाचार और तस्वीरें सामने आई उससे पश्चिमी देशों की छवि पर कलंक लग गया। इन देशों के युवा वर्ग ने पीड़ित मानवता के पक्ष में आवाज बुलंद की। नेताओं ने उनकी आवाज बंद करने की पूरी कोशिश की। अमेरिका के विश्वविद्यालयों में आज इमरजेंसी और सेंसरशिप जैसे हालात हैं।

इस्राइल और ईरान के बीच हमला और जवाबी हमले की स्थिति अभी सीमित दायरे में है। शनिवार को इस्राइल का हवाई हमला किस सीमा तक कारगर रहा इससे तय होगा कि ईरान का अगला कदम क्या होगा। फिलहाल ईरान ने दो सैनिकों के मरने की पुष्टि की है। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार ईरान के कई सैनिक अड्ड़ों को नुकसान पहुंचा है। अगले कुछ दिनों में यदि नुकसान अधिक साबित होता है तो ईरान एक बार फिर जवाबी कार्रवाई के बारे में सोच सकता है। ईरान के नये राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन अपेक्षाकृत उदारवादी हैं, लेकिन सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड.की कमान धार्मिक नेता खेमेनई के हाथ में है। पश्चिम एशिया के सुन्नी देशों ने इस बार इस्राइल को प्रत्यक्ष रूप से सहयोग नहीं दिया। लेकिन इन देशों में अमेरिका के सैनिक अड्डे. हैं तथा इनका इस्तेमाल इस्राइल को मदद देने में हो सकता है। ब्रिक्स समूह के प्रमुख देश भारत, रूस चीन खाड़ी युद्ध की आग में अग्निशमन का काम कर सकते हैं।

## वैदिक सभ्यता ही है। दीपावली की यह अमावस समस्त भूमंडल पर दिव्य ऊर्जा के अनुदानों की अमृत वर्षा डॉ मिथिलेश शर्मा करोड़ों दीपक जल रहें हैं, कुछ छोटे कुछ बड़े। कुछ मैं सरसों का तेल जल रहा है,तो कुछ में घी। किसी में धर्म रूई जल रही है तो कहीं मोमबत्ती के मध्य में सरल धागा। इन सभी विभिन्नताओं में प्रकाश एकही है।

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। दीपावली व्रत , पर्व, उत्सव, उपवास इन सभी का आधार हमारे वैदिक सभ्यता ही है। दीपावली की यह अमावस समस्त भूमंडल पर दिव्य ऊर्जा के अनुदानों की अमृत वर्षा है। वैदिक ऋषि इतनी ज्ञाता थे कि उन्होंने अपनी तपस्या और साधना के बल पर प्रकृति प्रदत्त प्रत्येक अनुदानों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। आत्मा को सर्वो उत्कृष्ट बनाने हेतु इन ऊजाओं का ग्रहण करना, उनकी आवश्यकता एवं उनको प्राप्त करने की विधि का ज्ञान भी प्राप्त भी कर लिया था। जितनी भी सत्य शक्तियां हैं, और जितने भी ज्ञान -वि ज्ञान प्राप्त करने के नियम है, अमृत वषार्ने वाले एवं विश्व कल्याणकारी है। धर्म सनातन है और मानव धर्म कृत है। सनातन धर्म सबको मिलकर रहना सिखाता है। संगठन की शक्ति आवश्यक ता से अवगत कराता है। इसके साथ -साथ निर्भीकता भी सिखाता है। सनातन बताता है कि जितना जुल्म करने में पाप लगता है उतना ही जुल्म सहने करने में होता है। हमारे सभी उत्सव, महोत्सव एवं महामहोत्सव इसी भाव का पोषण करते आ रहे हैं। अखिल ब्रह्माण्ड से वरसते हुये अनुदानों को किस तिथि में एवं किस विधि से ग्रहण किया जा सकता है,यह केवल और केवल भारत -भूभाग पर अवतरित अंश ही बता सकते हैं। अखिल ब्रह्माण्ड में केवल सनातन ही लोक एवं दिव्य लोकान्तरों के विषय में ज्ञान रखता है।इस तथ्य पर सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए कि शुद्ध सनातन ही भूलोक के जीवन के साथ -साथ मृत्यु के उपरांत का ज्ञान भी रखता है। ऐसे उन सभी ब्रह्माण्ड -वेत्ताऔ को,सभी ज्ञान -विज्ञान के अथाह सागरो के श्री चरणों में जब तक ये सृष्टि चले तब तक मेरा अनवरत प्रणाम चलता रहे। मनोविज्ञान की दृष्टि से जब तक मन में जागरण नहीं हो गया तब तक किसी भी तरह आत्मा प्रकाशित नहीं हो सकती। उत्सव के उल्लास में मनुष्य सब कुछ भूल जाता है। वेदों के एक सूक्त




कहा गया है कि सना ज्योति :सना ऽ विश्वा च सोम सौभागा कथा नो व ऽ य ा ऽ ा ऽ क् ि ध ा । (ऋग०९/४/२,साम०१०५८ ) भावार्थ यह है कि पवित्र और प्रिय सोम रूप परमेश्वर! हमें सदा प्रकाश,ज्योति का दान करो।सदा सुख दो, सदा सम्पूर्ण सौभाग्य दो, अन्ततः। हमें श्रेय और निःश्रेयस प्रदान करो । ईश्वर सर्व भाव प्रकाशक है। वह स्वयं प्रकाश रूप है। वस्तुतःयही परम प्रकाश परमात्मा और आत्मा दीप्ति स्वरूप दीपावली है।यह महामहोत्सव यही समझता है। [तच्छुभ्रम्‍ ज्योति साम्‍ ज्योति :] तनिक उस दृश्य को सोचिए,उन जग-मग करते हुए द्वीपों को देखिए , करोड़ों दीपक जल रहें हैं, कुछ छोटे कुछ बड़े।कुछ मैं सरसों का तेल जल रहा है,तो कुछ में घी। किसी में धर्म रूई जल रही है तो कहीं मोमबत्ती के मध्य में सरल धागा। इन सभी विभिन्नताओं में प्रकाश एकही है। दीपावली का ये भौतिक स्वरूप यहीबतलाता है कि, आत्मा चाहे कितनी ही भिन्न हो पर वो परमपिता एक ही है।

दिवाली के अवसर पर एक दूसरे से मिलना,मन का उल्लास हमें यह समझाया है कि आत्मा परमात्मा से केवल प्रेम से ही मिल सकती है। सम्पूर्ण व्यवहार का मूलाधार है विश्वास। विश्वास में होता है प्रेम का निवास। प्रेम में स्नेह तो रहता ही प्रेम से किया गया कार्य सेवा स्वरूप बन जाता है।फल स्वरूप यही ज्योति के अन्धकार का निर्आवरण हो जाता है और आत्मा प्रकाशित हो उठती है। सनातन की आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता का महत्व शब्दों में शक्ति नहीं।इस लिए वैज्ञानिक चक्षुओं से दृष्टिपात कीजिए और देखिए दीप का अर्थ है ज्योति, प्रकाश मानो जो चम-चम चमककर आन्तरिक शत्रुओं को समाप्त करके मन के नव उत्साह में वृद्धि कर रहा है।उत्साहित मन धन लक्ष्मी,कृषि लक्ष्मी का स्वागत -सत्कार कर रहा है। अपने मन से अहंकार, ईर्ष्या का प्रतीकार कर रहा है। ऐसा तो हम सब जानते हैं कि उक्त लिखित अवगुणों का परित्याग किए बिना भगवत - मिलन संभव नहीं है। जब तक राक्षस राज बलि ने अहंकार का परित्याग नहीं किया तब तक श्री वामन भगवान ने अपने चरण,-कमल उसके मस्तक पर विराजमान नहीं किए। अहंकार परित्याग के पश्चात ही श्री विष्णु ने अपने पावन चरण बलि के शीश पर अवस्थित किए।और अन्त में यह पर्व हमारे हृदय में हर्षोल्लास कि ज्वार रूपी तूफान बनकर आता है। यह तूफान केवल मित्र -जनों और परिवार तक ही सिमट कर नहीं रहता यह तो बच्चे बच्चे, घर-घर, गली-गली नगर नगर, शहर-शहर तथा पूरे राष्ट्र को प्रकाशित करता है। प्रत्येक भारतीय को जो भारत का शुभ चाहते हैं उन सबको शुभकामनाएं

# खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग सिंभावली के टोडलपुर, हिम्मतपुर, हरोड़ा मोड पर धधकने रही नकली सिंथेटिक पनीर बनाने वाली भट्ठियों पर कार्यवाही करने को लेकर बना मुकदर्शक

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध जहां जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा अभियान चलाकर मिलावट खोरी करने वालों पर कार्यवाही करने का सिलसिला जारी है। वहीं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में रात दिन सिंथेटिक मावा, नकली पनीर, सिंथेटिक मिठाइयों को बनाने के लिए धधक रही भट्ठियों पर कार्यवाही करने को लेकर मौन बना हुआ है। सूत्रों की माने तो सिंभावली क्षेत्र में प्रतिदिन कुंतलों के हिसाब से इन धधकने वाली भट्ठियों के द्वारा सिंथेटिक मावा,पनीर, नकली दही, तैयार कर लग्जरी गाड़ियों के द्वारा शहरी क्षेत्रों में सप्लाई करने का यह गोरखधंधा खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। चूंकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा अपने पास रखा गया। प्राइवेट व्यक्ति प्रत्येक माह दुग्ध की डेरियों, मिठाई विक्रेताओं, और इस गोरखधंधे में लिप्त लोगों से वसूली कर उनकी आंखों पर चांदी का चश्मा पहना देता है। जिसकी चमक में उन्हें कुछ भी नजर नहीं आता है। जबकि सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा मोड, टोडलपुर, हिम्मतपुर,रझौटी, इत्यादि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के गांव में नकली मावा,पनीर, देसी घी,दही,बनाने का कारोबार बहुत बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। वहीं नकली पनीर,मिठाई,दही, इत्यादि मिलावटी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से जनता जनार्दन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ - साथ आए दिन पीलिया, लीवर, शुगर, आत्रशोध, किडनी रोग जैसी घातक बीमारियों से ग्रस्त रोगियों की भी संख्या बढ़ती जा रही है। और खाद्य सुरक्षा विभाग लीपा पोती करने में लगा हुआ है। जबकि नकली दही बनाने का एक मामला गत दिनों सिंभावली थाना क्षेत्र की सैफी कॉलोनी में देखने को मिला था। जिसमे सिंभावली पुलिस के द्वारा नकली दही बनाकर मधुसूदन ब्रांडेड कंपनी के डिब्बों भरकर सप्लाई करने के गोरख धंधे का भंडाफोड़ किया था। इस क्षेत्र में इतना बड़ा कारोबार फल फूलने को लेकर भी खाद्य सुरक्षा विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

## भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष हापुड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स पर कैश लाइन बंद करने के विरोध में एनएचआई चीफ को सौपा ज्ञापन

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स पर काश लाइन बंद करने के विरोध में एनएचआई चीफ संतोष यादव को सौंपा ज्ञापन। आपको बता दें कि सभी टोल टैक्स पर एन एच आई के द्वारा एक काश लाइन संचालित की गई है। जिसमें फास्ट टैग में पैसे नहीं होने के चलते वाहन चालक अपना वाहन कैश देकर पास कर लेता था। जिसको टोल प्लाजा पर तैनात कर्मियों के द्वारा बंद कर दिया गया है। और वाहन चालक के फास्ट टैग में पैसे नहीं होने के चलते कैश लाइन का बंद करना टोल टैक्स पर तैनात कर्मचारियों के लिए दुधारू गाय साबित हो रहा है। क्योंकि फास्ट टैग में पैसे नहीं होने के चलते वाहन स्वामी से मनमाने टैक्स के पैसे वसूले जाते हैं। जिसको लेकर भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष अजय यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कैश लाइन को चालू कराने की लिए एन एच आई के चीफ संतोष यादव से मांग करते हुए उनको इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर ज्ञापन शोपने वालों में मोहम्मद शारिक, शाहनवाज, दानिश, फैजान, सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### रात्रि में पड़ोसी युवक के द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ घर में घुसकर की छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संस्कार उजाला



हापुड़/हापुर थाना देहात क्षेत्रांतर्गत आने वाले एक मौहल्ले में पड़ोसी युवक के द्वारा रात्रि में घर में घुसकर नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में किशोरी के चाचा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आपको बता दें कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी युवक ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी युवक निक्की पर रात्रि में घर में घुसकर अपनी भतीजी के साथ अश्लील हरकतें छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जिसमें हापुड़ देहात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की शुरू।

## डायनामिक शक्ति युक्त फिटनेस अत्याधुनिक यंत्रों से सुसज्जित स्टूडियो जिम पार्टनर यूनिसेक्स का हुआ शुभारंभ

संस्कार उजाला



**हापुड़**/ हापुड़ के शिवपुरी में स्थित गणेश मंडप में डायनामिक शक्ति युक्त अत्याधुनिक यंत्रों से सुसज्जित फिटनेस स्टूडियो जिम का शुभारंभ हुआ। जिसका चीफ गेस्ट दिनेश शर्मा गुरु ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के अवसर पर जिम के प्रोपराइटर मिस्टर धर्मेंद्र कुमार रामू ने बताया कि जिम में अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग किया गया है। जो शरीर को डायनामिक शक्ति युक्त फिटनेस प्रदान करता है।जिम में फिटनेस करने आने वालों को गेस्ट ऑफ ऑनर राहुल नेल्सन (कमांडो ट्रेनर )एवं आकांक्षा त्यागी प्रोफेशनल योगा टीचर फिटनेस से सम्बंधित हैल्प करेंगे। वही इस अवसर पर दिनेश शर्मा,आबिद अली ,बबलू खान,राजन,गौरव सैनी,सचिन शर्मा, सोनू शर्मा,नीरज त्यागी, अभिषेक गोयल भट्टे वाले,विक्की शर्मा, राजू कश्यप,शिव अवतार शर्मा, मुकेश गुप्ता,अश्वनी वर्मा, योगेंद्र कौशिक,अंकुर वर्मा,विकास सैनी, आकाश सैनी,सुरेश नारंग,शेखर कपूर, मनजीत सिंह,बॉबी भाई,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे,।

## माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत चलाया गया स्वच्छ्ता अभियान।।

संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर** मेरा युवा भारत (माई भारत) अन्तर्गत एन वाई के शाहजहांपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व व्यापार मंडल शाहजहांपुर के सम्मानित सदस्यों के सहयोग से दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत शहर के मुख्य बाजारो में स्वच्छ्ता अभियान चलाकर लोगों को आगामी त्योहारों के दौरान अपने आसपास साफ सफाई रखने और डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने माई भारत अंतर्गत कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी व्यापारियों, आमजनों व राहगीरों से स्वच्छ्ता के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया व सभी से बढ़ चढ़ कर इस



अभियान में हिस्सा लेने का भी आव्हान किया। उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत आगामी तीन दिनों तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में मार्केट एरिया में स्वच्छ्ता, सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों को लेकर आमजन में जागरूकता व सेवा से सीखें थीम पर आधारित अस्पतालों में माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद



मरीजो की सहायता करना शामिल हैं। इसी क्रम में शहर के सबसे बड़े और व्यस्ततम बाजार बहादुरगंज व सदर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ्ता के प्रति सभी व्यापारियों व आमजनों को जागरूक किया जा रहा है जिससे आगामी त्योहारों में सभी लोग सुगमता से स्वच्छ व सुंदर वातावरण में खरीददारी कर सकें और उत्साहपूर्वक त्योहार मना सकें। इस अवसर पर विभिन्न दुकानदारों को डस्टबिन भी उपलब्ध कराए गए और सभी से अपने आसपास के कूड़े को डस्टबिन में ही डालने का आग्रह किया गया। साथ ही माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा मार्केट एरिया में घूमकर अन्य लोगों को भी स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया गया व स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित नमामि गंगे डी पी ओ विनय सक्सेना ने भी सभी को अपने स्वभाव व संस्कार में स्वच्छ्ता को अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सिंह परिहार, व्यापार मंडल से कंचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, लकी खान, पंकज टंडन, हिमांशु सक्सेना, वर्क एन जी ओ सदस्य फैज हुसैन, मोहम्मद उमैर, कामरान आकिल, नावेद रजी, सहित अन्य स्थानीयजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक को भाकियू कृषक शक्ति ने सराहनीय कार्यों के लिए किया सम्मानित



रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता को अच्छे कार्य के लिए भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति ने सम्मानित किया। आपको बता दें कि थाना बाबूगढ़ कोतवाली फिर बाहरी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता को थाने में आने वाले पीड़ितों को तत्काल प्रभाव से न्याय, विषम परिस्थितियों में सड़क हादसों में खून से लथपथ पीड़ित घायलों को तुरंत स्वयं उठाकर अस्पताल पहुंचने। जैसे सराहनीय कार्य करने को लेकर सम्मानित सम्मानित करते हुए। जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह जिला उपाध्यक्ष अमरीक सिंह अभिषेक कुमार जिला महासचिव एवं युवा जिला अध्यक्ष उमेश कषयप ने बताया कि हमारे थाने में तैनात कोतवाल जैसे लोग बहुत ही कम मिलते हैं। इसलिए भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति कोतवाल साहब का पीड़ितों के साथ सादगी पूर्ण लोगों से मिलना और लोगों की फरियाद सुनते उनकी मदद करना जैसा कार्य की सरहाना करते हैं। ऐसे थाना अध्यक्ष हमें पहली बार मिले हैं। जिन्होंने 15 अगस्त एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर थाने को दुल्हन की तरह सजाया। जो कि पहले कभी नहीं सजाया गया। और ग्रामीण को बुलाकर भोजन कराया साथ ही गुलदाने की जगह लोगों को भरपेट जलेबी दूध खिलाकर मान सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के कार्य करता एवं पद अधिकारी का उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट अभियुक्त की 0.4850 हेक्टर भूमि एक करोड़ 75 लाख कीमत की संपत्ति पर जब्तीकरण की गई कार्यवाही

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मु॰अ॰स॰308/21/धारा 2/3 गैंगस्टर ऐप से संबंधित अभियुक्त के द्वारा अर्जित की गई संपत्ति पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुपालन में जब्तीकरण की कार्यवाही करने से अपराधियों में मचा हड़कंप। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के द्वारा गुंडा एक्ट गैंगस्टर एक्ट माफियाओं के द्वारा गुंडागर्दी के बल पर अर्जित की गई संपत्ति की जांच कर जब्ती करण करने की कार्यवाही करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट अभियुक्त मुकेश पुत्र विशंभर निवासी चांदनेर थाना बहादुरगढ़ के द्वारा अर्जित की गई एक करोड़ 75 लाख रुपए की संपत्ति को धारा 14(1) के तहत 0.4850 हेक्टेयर भूमि को जब्तीकरण करने की कार्यवाही की गई है।

## दबंगों के द्वारा खेत की मेड़ जोतने से मना करने पर युवक पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला पीड़ित परिजनों ने कार्यवाही करने को लेकर खटखटाया एसपी का दरवाजा

संस्कार उजाला

**हापुड़**/पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आजमपुर देहपा गांव में दबंगों के द्वारा जबरन खेत की मेड़ जोत कर अपने खेत में मिलाने से मना करने पर दबंगों के द्वारा युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें स्थानीय पुलिस के द्वारा पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं करने को लेकर पीड़ित परिजनों ने एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह का दरवाजा खटखटाकर न्याय की गुहार



लगाई है। आपको बता दें कि पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव आजमपुर देहपा निवासी राहत पुत्र शेर अली ने एसपी का दरवाजा खटखटाते हुए कार्यालय में तहरीर देकर उल्लेख किया है। कि 17 अक्टूबर को उसके ही गांव के रहने वाले अब्दुल कलाम, आदिल, आसिफ, इस्माइल, के द्वारा उसके चाचा अकरम के खेत की मेड़ को जबरदस्ती जोतकर अपने खेत में मिलाने से मना करने पर इन दबंग प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा उसके चाचा अकरम के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। जिसमें उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। और उपचार चल रहा है। घटित घटना की तहरीर थाने में देने के उपरांत भी स्थानीय पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसको लेकर पीड़ित परिजनों ने एसपी कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। जिस पर एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच करा कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पिलखुवा पुलिस ने रैकी कर सवारी बनकर चोरी करने वाली दो महिलाओं को आठ तोले सोने के आभूषण नगदी सहित क्या गिरफ्तार




रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

हापुड़/ हापुड़ के थाना पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर किस्म की चोर महिलाओं को किया गिरफ्तार। दोनों महिलाओं के कब्जे से सोने चांदी के आभूषण, 83 सौ रुपए की नकदी, आठ मोबाइल फोन, दो बैग, दो आधार कार्ड बारामद किए हैं। विदित रहे कि पिलखुवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं को दोनो आरोपी महिलाओं ने अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी और रविवार को पुलिस ने मोदी नगर रोड से शमशाद रोड की और जाने वाले रास्ते से दोनों आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। वही इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार की गई अभियुक्ताएं भीड़-भाड़ वाले स्थान पर कीमती सामान आभूषण पहने हुए महिलाओं की रेकी कर उनके साथ बस और अन्य वाहनों में सवारी बनकर बैठती थी।और मौका पाकर उनके आभूषण चोरी कर ले जाती।इन महिलाओं के कब्जे से पुलिस ने मंगलसूत्र, मोतियों की माला, अंगूठियां, टॉप्स, कुंडल,लॉकेट,पायल, कमरबंद,कड़े आदि आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आठ तोले सोने के आभूषण,सवा किलो चांदी के आभूषण सहित 8300 रुपए की नकदी,8 मोबाइल फोन,दो पर्स,दो आधार कार्ड बरामद किए हैं।

### सिंभावली पुलिस ने गौवध अधिनियम एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे। अभियुक्तों के विरुद्ध घर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत सिंभावली पुलिस में मु॰अ॰स॰294/295 296/24/धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम एक्ट में वांछित चल रहे। अभियुक्त मुशाहिद पुत्र तुफैल निवासी सैना को गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भेजा जेल।

# आज 28 अक्टूबर को हरनाई में होगा मातारानी का विशाल जगराता

संस्कार उजाला

शाहजहांपुर। आज 28 अक्टूबर दिन सोमवार को विकासखंड खुटार के गाँव हरनाई में माँ दुर्गा सेवा समिति हरनाई के द्वारा माँ भगवती का विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण में जाने-माने कलाकार मातारानी के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। जागरण कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरनाई गाँव में चौराहे के पास स्थित ठाकुर कृष्ण कुमार सिंह के खेत में सभी लोगों के




सहयोग से मातारानी के विशाल जागरण का आयोजन कराया जा रहा है।जागरण में कानपुर से मशहूर भजन गायिका रुचि किंकर,लखीमपुर से आरती, खटीमा से बबलू मस्ताना आदि भजन गायक पधार रहे हैं जो अपने-अपने भजनों से जागरण में भक्ति की बयार बहायेगे। जे. एस. महाकाल झाँकी ग्रुप शाहजहांपुर द्वारा जागरण में सुंदर-सुंदर झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। जागरण कमेटी के शोभित कुमार प्रधान हरनाई व अनुज कुमार आदि सदस्यों ने लोगों से मातारानी के जगराते में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर माँ के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

## मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल



संस्कार उजाला

खुटार। युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को खुटार पुलिस ने तिकुनिया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराये मुकदमे में बताया था कि जनपद लखीमपुर खीरी के थाना भीरा क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी युवक बिक्रम पुत्र कमलेश उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।जिसे परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने अभियुक्त बिक्रम को खुटार के तिकुनिया चौराहे के पास त्रिलोकी नाथ मंदिर के पास से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

## विद्युत विभाग के द्वारा गांव में किया गया निरीक्षण गांव में मची खलबली।

संस्कार उजाला



बंडा शाहजहांपुर

वड़ा ,, आगामी त्यौहार दीपावली भैया दूज रक्षाबंधन एवं गोवर्धन पूजा को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग ने गांव में पहुंच कर अभियान चलाकर बिल की वसूली की और बिल बकाया बालों को किया जागरूक बड़ा क्षेत्र के गांव जमुनिया खानपुर में आज विद्युत विभाग की एक बड़ी मिशाल देखने को सामने आई जहां विद्युत विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं को दिसा निर्देश दिए कहा की आप लोग बिजली की चोरी ना करें और समय-समय पर आप अपना बिजली का बिल आ रहा है उसे जमा करते रहें जिससे बिजली विभाग संबंधित कर्मचारियों को आपके खिलाफ कोई कार्रवाई न करनी पड़े जिसमें एस डी ओ एवं एक्सियन शाहव राजकुमार कुर्मी मौके पर मौजूद रहे

## रामजन्मभूमि की सुरक्षा संभालेंगे 200 कमांडो



संस्कार उजाला

**अयोध्या।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित हो रहे पहले दीपोत्सव की सुरक्षा अभेद्य होगी। इसके लिए तीन सुरक्षा एजेंसियों एटीएस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के 200 कमांडो राम मंदिर और उससे सटे आसपास के क्षेत्र की निगरानी करेंगे। परिसर के भीतर कुछ कमांडो सुरक्षा प्वाइंटों पर, जबकि कुछ निरंतर भ्रमणशील रहेंगे। दीपोत्सव से पहले सुरक्षा को लेकर पूर्वाभ्यास भी संपन्न हो गया है।

संस्कार उजाला
सच की हुंकार

संस्कार उजाला समाचार एवं विज्ञापन संपर्क करें जिला प्रभारी अमित शर्मा 8445987618 ,भूपेंद्र वर्मा संवाददाता 9756144404

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पीएम आवास जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 धनराशि अवमुक्त किये गये 5702 लाभार्थियों के आवास शीघ्रातिशीघ्र तैयार कराये जाने का प्रयास करें। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्लाक अन्तर्गत ग्रामों में आवासीय योजना अन्तर्गत कराये गये कार्यो की वीडियोग्राफी कराकर उनमें से उत्कृष्ट 05 को चयनित कर उनका डाक्यूमेन्टेशन कर लिया जाय। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि यदि ऐसा प्रकरण संज्ञान में आता है कि चयनित पात्र लाभार्थियों से ईतर किसी व्यक्ति के खाते में धनराशि का प्रेषण हुआ है, तो ऐसे मामलों में शासकीय कार्यवाही के सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण हेतु लाभार्थी चयन की समीक्षा करते हुए डीएम ने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि 15 दिवस के अन्दर लाभार्थी चयन की कार्यवाही को पूर्ण किया जाय। डीएम ने कहा कि लाभार्थी का चयन शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही किया जाय। लाभार्थी चयन में किसी प्रकार की



शिथिलता अक्षम्य होगी। आवास प्लस की सूची अपडेट किये जाने हेतु ग्राम आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षणकर्ता की तैनाती एवं आवास साफ्ट पर रजिस्ट्रेशन तथा ग्राम पंचायत के साथ मैपिंग किये जाने के सम्बन्ध में डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि कार्य की महत्ता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व निर्धारण के दृष्टिगत सरकारी कर्मचारी को ही ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षण कार्य के लिए लगाया जाय। ग्राम पंचायत सचिवों को अपने क्लस्टर की ग्राम पंचयतों का दायित्व दिया जा सकता है, जिन ग्राम पंचायत सचिव के पास एक से ज्यादा कलस्टर हैं, वहां विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत अन्य सरकारी कर्मचारी को सर्वेक्षण कार्य के लिए दावित्व सौंपे जाने पर विचार किया जा सकता है। डीएम ने बताया कि शासकीय कर्मचारियों की तैनाती के दृष्टिगत आवास साफ्ट पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) बोरिंग टेक्नेशियन, सहायक बोरिंग टेक्नेशियन, प्राविधिक सहायक कृषि, सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा तथा लेखपाल का पद नाम राज्य स्तर से भारत सरकार को प्रेषित करते हुए सर्वेक्षणकर्ता के रूप में इनकी तैनाती के लिए विकल्प प्राप्त किया गया है। डीएम ने बताया कि आवास साफ्ट पर कुछ और सरकारी कर्मचारियों को सर्वेक्षणकर्ता के रूप में तैनात किये जाने का विकल्प लिया गया है, जिनमें चकबंदी लेखपाल, सहकारिता निरीक्षक, गन्ना पर्यवेक्षक, सहायक संख्याधिकारी, नलकूप चालक, सींचपाल, पशुधन प्रसार अधिकारी, वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं प्रचार सहायक (मण्डल/जिला प्रशिक्षण संस्थान) आदि सम्मिलित है। डीएम ने बताया कि यदि एक सर्वेयर को एक से अधिक ग्राम पंचायत में तैनात किया जाना है तो उसका एप्रूवल आवास साफ्ट पर किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी सर्वेयर के पास 03 से अधिक ग्राम पंचायत न रहें। डीएम ने निर्देश दिया कि सर्वेयर के रूप में तैनात किये गये कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें उनके उत्तरदात्विों के बारे जानकारी दे दी जाय। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, परियोजना निदेशक अरूण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, वित्त नियंत्रक डीआरडीए नरोत्तम शरण, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत शैलेन्द्र कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी अर्चना सिंह, सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पत्रकार को सच्चाई दिखाना पड़ा भारी

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**लखीमपुर खीरी** के थाना मझ गई तहसील पलिया ग्राम गुलरा टांडा के ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी असगर अली के ऊपर रात में जानलेवा हमला किया गया हमला गांव के ही दबंग बाबू प्रधान के द्वारा कराया गया। पत्रकार असगर अली जी ने मीडिया बंधु के कैमरे के सामने गांव का माहौल देखते हुए व प्रधान की चाल को समझ गए थे इसलिए एक दिन पहले ही पत्रकारों को बाइट दे चुके हैं क्योंकि कई बार दबंग बाबू प्रधान के द्वारा जान से मार देने की धमकी भी मिल चुकी है। ग्राम गुलरा टांडा में दबंग बाबू प्रधान ने भेदभाव व दो नजरिया का कार्य किया है सरकार के द्वारा दिए हुए योजनाओं को मकान योजना की सूची में गुलरा टांडा के कई लोग पात्र थे किंतु रिश्वत के पैसे देने में सक्षम न थे इसलिए बाबू प्रधान के द्वारा उन लोगों को आपात्र बनाकर मकान योजना से वंचित कर दिया गया। और जो लोग मकान योजना के अपात्र थे उनसे मोटी रकम लेकर पात्र बनाकर मकान योजना का लाभ दिया गया।



बाबू प्रधान के द्वारा ऐसे लोगों को मकान योजना एवं कॉलोनी दी गई है जिनके मकान पहले से दो-दो पक्के और चार-पांच पक्के मकान पहले से बने हुए हैं। आप वीडियो के द्वारा देख सकते हैं कि जिन लोगों को आवश्यकता भी नहीं थी उन लोगों को मकान योजना लाभ दिया गया है और लोगों ने भी सरकार की योजना का लाभ बखूब लिया है अपात्र लोगों का मकान पहले से बना हुआ है फिर भी लोग सरकार की योजना का लाभ दुकान व किचन, बाथरूम बनवाने में कर रहे हैं वो भी पूरा सहयोग बाबू प्रधान के द्वारा मिल रहा है इसी बात को लेकर ग्रामीणों में रोष जताया हैं और गांव के ग्रामीणों ने ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी असगर अली जी के पास पहुंचे असगर अली जी ने उन सभी की समस्याओं को सुना और पीड़ित ग्रामीणों की आवाज उठाने का कार्य किया और ग्रामीणों ने पलिया एसडीएम को लिखित में शिकायत पत्र भी दिया जिसके बाद शिकायत पत्र को संज्ञान में लेते ही एसडीएम ने जांच का आदेश दिया जांच करने गई टीम जब गुलरा टांडा गांव में पहुंचती है और जांच करने के पश्चात वापस लौट जाती है। उसी के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी असगर अली जी के घर पर दबंग बाबू प्रधान के लोग हमला बोल देते हैं और कहते हैं इसको जान से मार दो इसका घर जला दो किसी तरह से पत्रकार असगर अली अपनी जान बचाकर गांव से भागते हैं और अब पत्रकार असगर अली न्याय के लिए शासन प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं अब देखना यह है कि ग्राम गुलरा टांडा के दबंग बाबू प्रधान के कहेर से क्या ग्रामीण व असगर अली बच सकेंगे या फिर सरकार के द्वारा ऐसे दबंग प्रधानों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि दबंग बाबू प्रधान ने अपने ही लोगों से अपने गाड़ी में तोड़फोड़ कर कुछ ग्रामीणों के ऊपर एफ आई आर भी दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### टीकाकरण के बाद अचानक ढाई माह के बच्चे की हो गई मौत।

संस्कार उजाला
**आनंद विनोद गुप्ता**



**निघासन खीरी।** बीती रात एक मासूम शिशु की अचानक मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वो समझ ही नहीं पाए की अचानक बच्चे को हुआ क्या है। दरअसल पूरा मामला थाना निघासन क्षेत्र के झंडी चौराहा मजरा बरोठा का है। जहां बीते शनिवार की रात्रि एक ढाई माह के बच्चे की अचानक मौत के बाद हड़कंप मच गया। बच्चे के पिता बुद्धराम कश्यप ने बताया की शनिवार को मुलहेपुरवा गांव में टीकाकरण का कैंप लगा था जहां वो अपने बच्चे को टीका लगवाने गए थे। टीकाकरण कर रही एएनएम फोन पर बात करते हुए गलत तरह तीन टीके लगा दिए। टीकाकरण के बाद वह बच्चे को घर ले आए देर रात्रि में बच्चे की अचानक हालत बिगड़ने लगी और जबतक वह कुछ समझ पाते तब तक बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है की बच्चे को गलत तरीके से टिका लगाए गए है, जिसके बाद उसकी मौत हो गई और बच्चे का शरीर काला पड़ गया। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉ पी के रावत ने बताया की अन्य पांच बच्चों के और भी टीके लगे है अगर परिजनों को लगता है की टीकाकरण से बच्चे की जान गई है तो वह बच्चे का पोस्टमार्टम करा ले जिसके रिपोर्ट के बाद कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया की सुबह वह बच्चे के घर गए थे और परिजनों से पीएम की लिए बात की थी।

### घर से ही तैयारी कर प्रियेंद्र भदौरिया बने जज।

संस्कार उजाला
**निघासन खीरी।**



वो कहते है कि मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है? इस कहावत को सच कर दिखाया है जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील निघासन अंतर्गत गांव बैलहा के रहने वाले वीरेंद्र सिंह भदौरिया के पुत्र प्रियेंद्र सिंह भदौरिया ने, जी हां प्रियेंद्र के घर में उस वक्त खुशी का माहौल छा गया जब पता चला कि प्रियेंद्र का चयन पीसीएसजे बिहार कैडर पर हो गया है। उनकी इस सफलता पर उनके इष्ट मित्रों व आसपास के लोगों ने मुंह मीठा कर बधाई दी। प्रियेंद्र ने कक्षा 8 तक की पढ़ाई निघासन के कस्बे के एब्लॉन पब्लिक स्कूल से की उसके बाद वो लखीमपुर शहर चले गए जहां डॉन बास्को इंटर कॉलेज में दाखिला लिया और इंटर तक की पढ़ाई वहीं से की फिर वह दिल्ली जाकर एनएलयू से वकालत की पढ़ाई पूरी की और वहां से घर चले आए। प्रियेंद्र ने बिना कोचिंग किए घर से ही पीसीएस जे की तैयारी की और अब उनका चयन बिहार कैडर में जज के रूप में हुआ है। प्रियेंद्र के पिता वीरेंद्र सिंह भदौरिया एडवोकेट है और साथ में किसानी का कार्य भी करते है।

## बिना किसी डर के झोला छाप डॉक्टर कर रहे संमालित हॉस्पिटल

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिलाधिकारी पत्र जारी कर कड़े निर्देश दिए गए है कि किसी भी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर अपना हॉस्पिटल न संचालित कर पाएं यदि करते पाए जायें तो इन झोलाछाप डॉक्टर एवं अवैध रूप से संचालित अस्पताल पर कड़ी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में जिले के जिम्मेदारों ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जांच हेतु संयुक्त टीम का गठन भी किया



है और उसके स्तर से निरंतर ऐसे संस्थानों पर कार्यवाही किए जाने का डंका भी बज रहा है लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे झोलाछाप डॉक्टर अपना मकड़जाल फैला इनके निर्देशों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। जहां झोला छाप डॉक्टर बिना बोर्ड लगाए ब्यूटी पार्लर की आड़ में अपना धंधा चमका कर सरकारी आदेशों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव का जहां ब्यूटी पार्लर के नीचे जिग्नेश अपना हॉस्पिटल संचालित कर रहे हैं जिसका ना तो रजिस्ट्रेशन है न तो कोई डॉक्टर है यहां तक कि बाहर हॉस्पिटल का बोर्ड तक नहीं लगा है जिसका साफ मतलब है कि यह स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंक रहे है इनके द्वारा धड्डले से मरीजों का लगातार इलाज किया जाता है वहीं डिलीवरी और सीजर ऑपरेशन और भारी तादात में डी एण्ड सी का कारोबार चल रहा है,जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग लगातार अवैध हॉस्पिटलों पर छापेमारी कर कार्यवाही कर रहा है मगर झोलाछाप डॉक्टर जिग्नेश स्वास्थ्य विभाग को चुनौती दे रहे हैं कि हमें कोई डर नहीं है तुम्हारी कार्यवाही का। अब सवाल यह उठता है कि इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गलत इलाज कर छोटी बीमारी को बड़ी गंभीर बीमारी का कारोबार चलाया जा रहा है इन पर कब स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंकुश लगाया जाएगा।

## तिरासी वें जन्मदिन पर हुआ काव्य पाठ का आयोजन।

काव्य पाठ में जिले के विख्यात कवि ने की शिरकत।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जनपद के गौरव राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को जानकी पुरम लखनऊ की कवि गोष्ठी में सम्मानित किया गया। इस गोष्ठी का आयोजन काव्य रामप्रकाश त्रिपाठी के तिरासीवें जन्मदिन पर उनके आवास पर किया गया था। कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश आर के रस्तोगी थे। कवि गोष्ठी का संचालन विधानसभा के मुख्य संपादक रहे अरुणेन्द्र त्रिपाठी व नवपरिमल संस्था के महामंत्री उदयभान पांडे ने किया। इसके अतिरिक्त कवि गोष्ठी में पूर्व विशेष सचिव दिनेश चंद्र अवस्थी,प्रमोद द्विवेदी,श्रीमती डा० रश्मि शील,मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाएं सुना कर कवि गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान कीं व रामप्रकाश त्रिपाठी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए शतायु होने की कामना की। त्रिपाठी ने उपस्थित जनों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य कवियों के साथ साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु का माल्यार्पण कर व स्मृति भेंट प्रदान कर त्रिपाठी ने सम्मानित किया।जनपद



व नगर के अनेकानेक साहित्य कार व गणमान्य नागरिकों ने मृदु को सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता जताई है व बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रमुख राष्ट्रीय कवि संगम के जिला अध्यक्ष कवि आनंद खत्री आनंद संस्कार भारती बिसवां इकाई के महामंत्री घनश्याम शर्मा,अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव , होटल आर के ग्रांट के प्रोपराइटर अभिषेक अग्रवाल,शुगर फैक्ट्री के मुख्य अधिशाषी आर के सिंहल,गन्ना प्रबंधक डा० अनूप सिंह,मधु इंडिया लि०,कंपनी के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह यादव व इंडसक्लीड इंडस्ट्री के स्वामी विवेक गुप्ता आदि शामिल रहे।

### संगठन की सम्पन्न बैठक में पत्रकारों के हित रक्षार्थ हुई चर्चा।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



ऑल इण्डिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक जिले के डाक बंगला मिश्रिख में रविवार को सम्पन्न हुई।इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी उपस्थित रहे वहीं बैठक की अध्यक्षता मिश्रिख तहसील संगठन के अध्यक्ष आलोक शुक्ला ने की। संगठन की आयोजित बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई वहीं आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमलों और उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर गहन मंत्रणा करके संगठन से जुड़े सभी पत्रकार साथियों से यह अपेक्षा की गई कि वह समाचार संकलन के अपने मिशन कार्य को निर्भीकता पूर्वक करके शासन प्रशासन और जनता के समक्ष सत्य निष्ठा से उजागर करने का कार्य करें। पत्रकारों के इस मिशन कार्य में यदि कोई भी व्यक्ति वह चाहे शासन सत्ता और प्रशासन से जुड़ा क्यों न हो उसके विरुद्ध पत्रकार की आत्म सम्मान सुरक्षा के लिए संगठन सदैव प्रमुखता से अग्रणी भूमिका अदा करेगा। इस अवसर पर संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने मिश्रिख तहसील के सभी पदाधिकारियों व सदस्यो को संगठन द्वारा जारी किये गये पहचान पत्रों का वितरण भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग सारथी ने कहा कि संगठन आपका है इसके उद्देश्यों की हमेशा गरिमा बनाये रखें अगर कोई व्यक्ति चाहे वह कितना भी प्रभाव शाली क्यों ना हो और वह संगठन से जुड़े लोगों की तरफ उद्दण्डता पूर्वक आंख उठाने का कार्य करके उनके मिशन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करेगा,तो उसके विरुद्ध क्षेत्रीय स्तर से लेकर जनपद और प्रदेश स्तर पर तक संघर्ष करने में संगठन कभी भी पीछे नहीं रहेगा।आयोजित कार्यक्रम में संगठन के क्षेत्रीय स्तर पर संरक्षक पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## पकड़ा गया 260 पेटी चाईनीज (विदेशी) आम वजन करीब 4160 किलोग्राम

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**



नानपारा पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध / अपराधियो एवं जुर्म जरायम रोकथाम एंव शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बहराइच दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में टीम उ0नि0 चन्द्र सेन वर्मा, उ0नि0 रवि यादव, उ0नि0 विजय गुप्ता,आरक्षी अमित कुमार,आरक्षी विनय चौधरी थाना नानपारा जनपद बहराइच द्वारा नेपाल राष्ट्र की सीमा से आ रहे एक ट्रक को जिसमे अवैध 260 पेटी चाईनीज (विदेशी) आम वजन करीब 4160 किलोग्राम आज दिनांक 27.10.2024 समय करीब 11.50 बजे दिन में हाड़ा बसेहरी नहर के पुल बरामद किया गया। चालक सिराज अहमद पुत्र गुलवीर निवासी मोहल्ला कागड़न हाता थाना को० नानपारा जनपद बहराइच को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। अन्य सम्बन्धित विभागों को सूचित किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## श्रीमंद्र भगवान इण्टर कालेज में हुआ भव्य विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की मिश्रित तहसील मुख्यालय से कतुब नगर रोड पर स्थित एस.सी. बी.ग्रुप ऑफ कालेज में विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज कुमार सक्सेना ने फीता काटकर शुभारंभ किया।उन्होंने बच्चों के द्वारा तैयार किये गये विभिन्न मॉडलों को देखकर उनकी प्रशंसा की। बच्चों के द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा-दस के छात्र व प्रखर,यशराज द्वारा बनाये गये माइल बेकार चीजों से विद्युत उत्पन्न करने को प्रथम स्थान,व कक्षा एक के छात्रों अनुभव, आभास,अन्नू तथा पलक द्वारा



बनाये गये माडल रोबोट को द्वितीय स्थान तथा कक्षा दस के छात्र अमन,आशुतोष,निर्भय तथा शिवांक के द्वारा बनाये गये मॉडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं हिंदी माध्यम के कक्षा नौ के छात्रों शिवम,आयुष,राजवीर अनिकेत,मनीष के द्वारा बनाये गये माडल एटीएम मशीन को प्रथम ग्यारह विज्ञान की छात्रा नेहा , प्रगति,प्रीती द्वारा बनाये गये जेसीवी को एवं तथा ग्यारह आर्ट के अमन,सक्षम, शिवांगी जनिन्द्र तथा प्राची को प्रथम स्थान मिला। हिन्दी माध्यम जूनियर विभाग कक्षा -ब के छात्राओं साक्षी,सीता,रागिनी,काजल लक्ष्मी,वैष्णवी के द्वारा बनाये गये मॉडल आँख को प्रथम स्थान,कक्षा एक की छात्रा मोहन, अभण मयंक जितिन,रिकल,आनंद के मॉडल वायु प्रदूषण को द्वितीय तथा कक्षा- नौ के बालको में शोभित,बिलाल, अभिषेक, आशुतोष,सौरभ के मॉडल सोलर सिस्टम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा० मधूसूदन दीक्षित,एम डी इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल विद्यालय की प्रबंधिका डा. रिन्टू सिंह अध्यक्ष महन्त बाबा सिया राम दास,एचओ डी समीर गौतम,अमित मोहन शुक्ला, गोविंद शुक्ला तथा समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## विद्युत विभाग के द्वारा गांव में किया गया निरीक्षण गांव में मची खलबली।



संस्कार उजाला
**बंडा शाहजहांपुर**

वड़ा ,, आगामी त्यौहार दीपावली भैया दूज रक्षाबंधन एवं गोवर्धन पूजा को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग ने गांव में पहुंच कर अभियान चलाकर बिल की वसूली की और बिल बकाया बालों को किया जागरूक बड़ा क्षेत्र के गांव जमुनिया खानपुर में आज विद्युत विभाग की एक बड़ी मिशाल देखने को सामने आई जहां विद्युत विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं को दिसा निर्देश दिए कहा की आप लोग बिजली की चोरी ना करें और समय-समय पर आप अपना बिजली का बिल आ रहा है उसे जमा करते रहें जिससे बिजली विभाग संबंधित कर्मचारियों को आपके खिलाफ कोई कार्रवाई न करनी पड़े जिसमें एस डी ओ एवं एक्सियन शाहव राजकुमार कुर्मी मौके पर मौजूद रहे

## आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध कच्ची शराब माफियाओं की टूट रही कमर

संस्कार उजाला
**संवाददाता आनंद विनोद गुप्ता**
**निघासन-खीरी।**

दीपावली के मद्देनजर जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र नंबर तीन के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष धड़पकड़ अभियान के तहत दो अभियोग पंजीकृत कर मौके से भारी मात्रा में लहन व अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।साथ ही प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को भी तहस-नहस किया गया। आबकारी निरीक्षक की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया हैं। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र नंबर तीन के नेतृत्व में दीपावली पर चलाएं जा रहे ताबड़तोड़ विशेष अभियान के तहत आबकारी टीम ने अचानक दबिश देकर गांव नया पिंड,खैरटिया, इंदरनगर आदि गांवों के किनारे स्थित नदी/पोखरों/तालाबों आदि के ठिकानों पर बनाई जा रही दर्जनों चढ़ी भट्टियों सहित करीब एक हजार



केजी लहन व इसमें प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को तहस-नहस करते हुए मौके पर से करीब 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए दो अभियोग पंजीकृत किये गये। अवैध कच्चीं शराब बनाने व बेचनें वालों को किसी भी कीमत पर आबकारी निरीक्षक बख्शनें वाले नहीं हैं। उधर आबकारी निरीक्षक की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हैं।इस दरम्यान प्रधान आबकारी सिपाही रफीक बेग,आबकारी सिपाही मुलायम सिंह यादव,उमेश कुमार,चालक रामधनी यादव आदि शामिल रहे।

## वैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचार की थीम पर मनाया जायेगा नवम् आयुर्वेद दिवस

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वतरि की स्मृति में प्रतिवर्ष धनतेरस पर्व को ह्यह्यआयुर्वेद दिवसह्लह्ल के रूप में मनाया जाता है। डीएम ने बताया कि आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के निर्देश पर इस वर्ष 29 अक्टूबर 2024 को ह्यह्यवैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचारह्लह्ल की थीम पर नवम् आयुर्वेद दिवस मनाया जायेगा। डीएम ने बताया कि जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित करते हुए 29 अक्टूबर 2024 को महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज/जिला चिकित्सालय में चिकित्सा शिपिर आयोजित होगा तथा विकास भवन में आयोजित होने वाली गोष्ठी में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। डीएम ने बताया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर छात्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता हेतु शिक्षण संस्थाओं में वाद-विवाद, चित्रकला, निबन्ध इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा विद्यालय एवं महाविद्यालय में औषधि उपवन विकसित की जायेगी। जबकि किसानों में आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता हेतु किसान गोष्ठी के आयोजन के साथ राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड द्वारा विकसित 110 प्रकार के औषधीय पौधों की खेती विषयक सूचना का प्रचार-प्रसार किया जायो। डीएम ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम से 01 दिवस पूर्व 28 अक्टूबर को जिले के समस्त आयुर्वेद एवं यूनानी तथा होम्योपैथी चिकित्सालयों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। डीएम मोनिका रानी ने आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा एवं जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया है कि मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में शासन की मंशानुरूप कार्यक्रम को सफल बनाये।

### संस्कृत छात्रवृत्ति शुभारम्भ के कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**



राज्य में संस्कृत स्कूलों/कॉलेजों/ संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दिनांक 30 अगस्त 2024 के आदेश द्वारा लागू संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्पूर्णा नन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया।जनपद में भी संस्कृत छात्रवृत्ति शुभारम्भ के कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज सीतापुर में किया गया जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, शिक्षक एम० एल०सी० प्रतिनिधि पंकज पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों, जन प्रति निधियों, अध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं ने वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं लाभान्वित हुए।कार्यक्रम के दौरान जनपद के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया गया,छात्रवृत्ति की राशि सीधे सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के खातों में भेजी जा रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुनेन्द्र अवस्थी ने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा संस्कृत भाषा के उन्नयन में निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण के माध्यम से संस्कृत के महत्व के विषय में भी बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने अपने सम्बोधन में जनपद में संस्कृत की शिक्षा में किए जा रहे उत्तरोत्तर

# सीएम ने स्कॉलरशिप योजना का किया शुभारंभ

## योगी ने चेक दिया तो बच्ची ने पैर छुए, बोले-पहले संस्कृत के छात्रों के साथ भेदभाव होता था






**वाराणसी ।** संपूणार्नंद संस्कृत यूनिवर्सिटी में रविवार को सीएम योगी पहुंचे। उनका मंगलाचरण से स्वागत किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने सीएम योगी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सीएम योगी ने संस्कृत के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने स्कॉलरशिप का चेक दिया तो छात्रा ने पैर छूए। सीएम ने भी उसे आशीर्वाद दिया। योगी ने कहा- पहले संस्कृत के छात्रों के साथ भेदभाव होता था, लेकिन अब हर छात्र को छात्रवृत्ति मिल रही है। सीएम योगी ने कहा- गरीब और वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति मिलनी चाहिए, लेकिन संस्कृत छात्रों को इसकी व्यवस्था क्यों नहीं की गई। मुझे इस बात का आश्चर्य रहा। अभी तक संस्कृत के केवल 300 बच्चों की स्कॉलरशिप की व्यवस्था थी, जो अधिकतर छात्रों को पता ही नहीं थी। 25 करोड़ की आबादी में इतने कम छात्रों को स्कॉलरशिप की योजना थी। उन्होंने कहा- कभी प्रयास ही नहीं हो पाया कि संस्कृत परिषद को मान्यता दिला पाएं। मैंने बार-बार समझने की कोशिश की कि संस्कृत से बच्चे दूर क्यों भाग रहे हैं? पता चला कि मान्यता ही नहीं मिल पा रही है। हमने स्कूल-कॉलेजों की मान्यता बहाल कराई। हमारी सरकार आई तो 2017 में संस्कृत परिषद को मान्यता दिलाई। योगी ने कहा- अब संस्कृत में छात्रों की संख्या बढ़ रही है। पहले स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी, फिर उसमें आयु सीमा जोड़ दी गई। हमने तय किया कि हर छात्र को स्कॉलरशिप मिल चाहिए। हमने तय कर लिया है कि दिवाली से पहले यानी कल तक (28 अक्टूबर) 69195 छात्रों के अकाउंट में बैंक खुलते ही स्कॉलरशिप पहुंच जाएगी। योगी ने कहा- यूपी के अंदर लगभग डेढ़ लाख बच्चे ऐसे हैं जो संस्कृत से जुड़े हैं। इनके संरक्षण का दायित्व शासन और समाज का होना चाहिए। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके द्वार आई है। हम आगे भी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत विद्यालयों में विज्ञापन उन्हीं संस्थानों को देंगे जो अपने यहां फ्री हॉस्टल और खाने-पीने की व्यवस्था करेंगे। योगी ने कहा- संस्कृत ने ही भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित किया। इसके कारण ही विपरीत स्थितियों में भी हमारी सनातन संस्कृति तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए भी आज जीवित है। दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में आज संस्कृत, संस्कृति और भारतीय सभ्यता उठ खड़ी हुई है। योगी ने कहा- संपूणार्नंद संस्कृत विवि सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। यहां के बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी। हमने तय किया कि सबसे पहले स्कॉलरशिप की शुरूआत यहीं से करते हैं। संस्कृत केवल देव वाणी ही नहीं, केवल इस लोक और परलोक से संवाद, देवगणों से संवाद का माध्यम नहीं है... बल्कि ये भौतिक जगत की तमाम समस्याओं को वैज्ञानिक रीति से सुलझाने का माध्यम बने। इस पर शोध करने की जरूरत है। हमने इल्व में वैदिक विज्ञान केंद्र बनाया है, जो भारत की प्राचीन संस्कृति पर शोध को बढ़ावा देने के लिए है। इसे संस्कृत पर शोध का केंद्र बनाना पड़ेगा। कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने बताया- ऋषि तुल्य आचार्यों की साधना स्थली एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अमृत तत्वों को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करने तथा संस्कृत के अभ्युदय, संवर्धन एवं संरक्षण के लिये सरकार निरन्तर संकल्पित है। संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संशोधन के बाद छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि करते हुए प्रथमा कक्षा- 6 से 7 को रुपए 050/- प्रति माह, प्रथमा (कक्षा-8) को रुपए 75/- प्रति माह, पूर्व मध्यमा को रुपए 100/- प्रति माह उत्तर मध्यमा को रुपए 150/- प्रति माह, शास्त्री को रुपए 200/- प्रति माह तथा आचार्य को रुपए 250/- प्रतिमाह की संशोधित दरें निर्धारित की गयी हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### झाडी में फेंका गया था नन्हां मासूम, हमीरपुर चाईल्ड हैल्पलाईन की कोशिश से हुआ तन्दुरुस्त



संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ के खेड़ा में 30 अगस्त 2024 को नन्हें मासूम बच्चे को झाड़ियों में पडे. होने की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर1098 को मिली थी, जबकि इस संगीन मामले की जानकारी मिलते ही चाईल्ड लाईन ने बच्चे को हमीरपुर जिला अस्पताल में एडमिट कराकर डाक्टरों के प्राथमिक उपचार के बाद आराम न मिलने पर उसे कानपुर हैलट के लिये रैफर कर दिया था। इस नन्हें बच्चे की देख भाल के लिए हमीरपुर जिला प्रोबेशन अधिकारी के आर्डर के बाद, दो माह तक चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की तरफ से दो कर्मचारी पूरी मुस्तहदी के साथ कानपुर हैलट में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे, जबकि हैलट में दो महीने के इलाज के बाद नन्हा बच्चा अब तन्दरुस्त होकर हमीरपुर चाइल्ड हेल्पलाइन वापस आ चुका है, जिसके बाद इस नन्हें बच्चे को बाल कल्याण समिति के आर्डर के बाद चाइल्ड लाईन प्रयागराज शिशुगृह भेज दिया गया है।

### नम्रता और कठोरता श्रेष्ठ जीवन का आधार: आचार्य विनोद महाराज



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के जौरा विशुनपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य विनोद जी महाराज ने भक्तों को ज्ञान, भक्ति के महत्व की प्रेरणादायी बातें साझा कीं। कथा में उन्होंने नम्रता और कठोरता के संतुलन को श्रेष्ठ जीवन का आधार बताया और भगवन्नाम की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा ज्ञान ही वह दृष्टि है जो भगवान तक पहुंचा सकती है। कथा के दौरान वामनावतार और श्रीकृष्ण जन्म की सुंदर झांकियों का भी आयोजन किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अनुभव रहा। झांकियों के भावपूर्ण प्रदर्शन ने उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया और पूरे माहौल में भक्तिमय ऊर्जा का संचार किया।इस दौरान मुख्य यजमान इशरावती देवी, रमाशंकर उपाध्याय,बर्फी देवी, कृष्णानंद उपाध्याय, विद्यावती देवी, आचार्य चंद्रशेखर पांडेय शास्त्री,भगवतीचरण पांडेय, एडवोकेट आशीष चरण पांडेय, पूर्व प्रधान नगई यादव,बेचू प्रसाद, रबिंद्र राय,संजय राय,अजय राय,अनूप पांडेय, अशोक उपाध्याय,झकारी उपाध्याय,डा.कन्हैया तिवारी, सुरेश मद्धेशिया, आशुतोष उपाध्याय, पशुपतिनाथ उपाध्याय, गंधर्व उपाध्याय, सिद्धेश्वर उपाध्याय आदि सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लखनऊ में सोने-चांदी में उछाल के बाद भी बाजार गुलजार





**लखनऊ ।** सोना और चांदी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। सोना जहां करीब 80 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम वहीं चांदी 98 हजार रुपए प्रति किलो तक है। इसके बावजूद शहर के सरार्फा बाजार में इसका असर नहीं है। कारोबारियों को उम्मीद है कि धनतेरस पर इस बार पिछले सभी रिकॉर्ड टूटेंगे। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में इसको लेकर कौतूहल का माहौल है। लोगों में डर है कि कहीं रेट और ज्यादा न बढ़ जाएं। इसकी वजह से वह काफी ज्यादा मात्रा में खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। यहां तक की जिन घरों में शादी होने वाली है, वह लोग भी अभी से खरीदारी करने आ रहे हैं। चौक सरार्फा बाजार के आदिश जैन ने बताया कि काफी ज्यादा कस्टमर आ रहे हैं। उम्मीद थी कि महंगाई होने की वजह से बाजार पर असर रहेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। बड़ी बात यह है कि इस बार गिफ्ट देने वालों की तुलना में प्रॉपर गहने खरीदने वाले लोग आ रहे हैं। एक-एक परिवार लाखों रुपए की खरीदारी कर रहा है। बाजार में धनतेरस से पहले ही भीड़ है। गिफ्ट में इस बार राम-सीता वाले चांदी के सिक्के की डिमांड सबसे ज्यादा है। इसकी कीमत 1200 रुपए से शुरू है। हालांकि चांदी महंगी होने से रेट बढ़ गया है। चांदी कारोबारी विनोद माहेश्वरी ने बताया कि जो चांदी का सिक्का पिछले साल तक 900 रुपए का मिल रहा था, इस बार उसकी कीमत करीब 1200 रुपए तक पहुंच गई है। इसके अलावा बाजार में इस बार 1 लाख 26 हजार रुपए की कीमत का चांदी का रथ भी है। इसमें भगवान राम प्रत्यंचा चढ़ाए हुए नजर आते हैं। इसकी भी बाजार में डिमांड बढ़ी है। एक ग्राम के सोने का सिक्का 8 हजार रुपए में मिल रहा है। सोने में देखा जाए तो सबसे सस्ता गिफ्ट यही है। हालांकि एक हजार रुपए में नाक की नथनी भी है, लेकिन इसको गिफ्ट में कोई नहीं देता है। चांदी में बात करें तो इस बार 250 ग्राम के सिक्के भी तैयार किए गए हैं। इसकी कीमत करीब 29 हजार रुपए है। उसके अलावा भी बाजार में चांदी के 5 ग्राम के सिक्के मौजूद हैं। इसकी कीमत करीब 600 रुपए है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

## मेडिकल कैम्प में 450 लोगों की हुई जांच, वितरित की गई दवा



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सेवा विभाग द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत नपाप कुशीनगर के मदनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प में 450 मरीजों की स्वास्थ्य जांचकर सलाह और दवा वितरित की गई। रविवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ सह विभाग संघ चालक डा चंद्रशेखर सिंह, संघ कार्यवाह देवेंद्र, जिला प्रचारक प्रवीण द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. शुभलाल, सेवा भारती नरेंद्र मोहन, डॉ. स्नेहा कुमारी, डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. गौरव, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. संजय सिंह, डॉ देवेंद्र ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हे सलाह दी। इस अवसर पर रविन्द्र, बलिराम, सुमित, शन्टू शर्मा, रामप्रीत, मनीष, ब्रज नरायन गोंड़ व स्वयं सेवक मौजूद रहे। शिविर में स्वस्तिक मेडिकेयर, डिस्काउंट मेडिकल, शुभम हॉस्पिटल, सुमित्रा हॉस्पिटल ने सहयोग किया।

## 1505 दर्शकों ने राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर का किया भ्रमण



संवाददाता

**कुशीनगर।** विभिन्न विद्यालयों ( महात्मा गांधी केंद्रीय विद्यालय सिवान बिहार, मोहम्मद जिलादर शेख अकादमी बंजरिया देवरिया, प्रभुनाथ सिंह इंग्लिश स्कूल राजापुर गोपालगंज बिहार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कहुआ पश्चिमी चंपारण बिहार, पंडित दीनदयाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिटिया संत कबीर नगर, यूनिक पब्लिक स्कूल पश्चिम चंपारण बिहार, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरशिया गाजीपुर, भगिनी निवेदिता सरस्वती बालिका विद्या मंदिर देवरिया, रेनबो क्लासेस हरणाताड़ पश्चिमी चंपारण बिहार, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल बेतिया पश्चिमी चंपारण बिहार, बी०डी० वर्ल्ड स्कूल एनएच- 28 नियर बैरिया देवी मोतीहारी बिहार )के छात्र- छात्राओं एवं उनके गुरुजनों साहित लगभग 1505 दर्शकों को राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर का भ्रमण कराया गया। एवं वीथिकाओं में प्रदर्शित कलाकृतियों के माध्यम से कला एवं संस्कृति के विविध पक्षों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरशिया गाजीपुर के छात्र हर्षित कुशवाहा के द्वारा भगवान बुद्ध की कैनवास पेंटिंग संग्रहालय को भेंट की गई।

## गोरखपुर में पकड़ी नकली घी की फैक्ट्री

### वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर देसी घी तैयार करते थे, दीवार कूदकर अंदर पहुंची फूड डिपार्टमेंट की टीम





**गोरखपुर ।** दिपावली से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने नकली वनस्पति घी बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी है। यह फैक्ट्री चिलुआताल इलाके के गायत्रीपुरम में तहखाने के अंदर चल रही थी। कारखाना में ऊपर तो पनीर, खोवा और पेड़ा तैयार किया जा रहा था। जबकि, अंदर तहखाना में नकली घी की फैक्ट्री चल रही थी। जिसका प्रोपराइटर मेघन कुमार यादव है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर देसी घी तैयार किया जा रहा था। जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। फिलहाल टीम ने फैक्ट्री को सील कर नमूने लिए और उसे जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत फैक्ट्री संचालक पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गोरखपुर के सहायक आयुक्त खाद्य (सकेंड) डॉ. सुधीर कुमार सिंह के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में फूड विभाग टीम लगातार मिलावटखोरी के अड्डे पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में शनिवार को टीम जब नकली घी के कारखाना पर छापा मारने पहुंची तो वहां पर सिर्फ कर्मचारी ही मौजूद थे। पहले तो फूड विभाग के अधिकारियों को कर्मचारी अंदर नहीं जाने दे रहे थे। इसके बाद टीम के सदस्य गेट फांद कर अंदर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। शहर में इतनी बड़े पैमाने पर अवैध वनस्पति घी की फैक्ट्री चल रही थी। इस दौरान टीम ने पांच नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही टीम ने फैक्ट्री को सील कर दिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया, शासन के निर्देश पर मिलावटखोरी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। शासन की मंशा है कि आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध हो। ऐसे में यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया, शासन के निर्देश पर मिलावटखोरी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। शासन की मंशा है कि आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध हो। ऐसे में यह कार्रवाई आगे भी

## फाजिलनगर चौकी पुलिस ने गांवों में की पीस कमेटी की बैठक



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के गांवों में जाकर त्योहारों के मद्देनजर संभ्रांत लोगों के साथ शांति कमेटियों की बैठक की। जिसमें शांतिपूर्ण ढंग और सौहार्द्र पूर्वक आगामी त्योहारों को मनाने की अपील की। साथ ही चेताया कि अराजकतत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ भ्रामक सूचना देने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। रविवार को दोपहर बाद फाजिलनगर के चौकी प्रभारी मनोज वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाने के सुल्तानपुर, अहालदपुर, महुअवां तिवारी, परसौनी आदि गांवों में जाकर बुजुर्गों व जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की और कहा कि दीपावली, धनतेरस, छठ आदि को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।गांव की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें। छोटी से छोटी घटना की जानकारी पुलिस को दें। इससे शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वालों को चिंहित करने में सहूलियत होगी। डायल 112 का उपयोग करें किंतु ध्यान रहे कि भ्रामक सूचना ना दें। इस पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता व पप्पू राय आदि ग्राम प्रधान व एसआई हरेराम सिंह यादव, एसआई विशाल कुमार, दीपक कुमार, राघवेंद्र मिश्रा,मुलायम यादव, जलालुद्दीन अंसारी, मोहम्मद सेराज, मनोज गुप्ता, सत्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है: पी. एन पाठक



संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण रविवार को कुशीनगर स्थित बुद्धा वाहन पार्किंग विधायक पीएन पाठक के सौजन्य से आयोजित किया गया था जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, सांसद विजय दूबे व विधायक पी.एन पाठक ने कार्यकताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी। वे मन की बात के 115 वें संस्करण में एनिमेशन और गेमिंग सेक्टर में हो रहे विस्तार को लेकर बातचीत की। साथ ही आत्मनिर्भर भारत की तरक्की को लेकर जानकारी दी। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड को लेकर भी जानकारी दी। एनिमेशन और गेमिंग में भारत नई क्रांति पर जानकारी साझा की। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का हुनर विदेशी प्रोडक्शन का अहम हिस्सा बन रहा है। अभी की स्पाइडर-मैन हो या ट्रांसफोर्मर्स हो इन दोनों फिल्मों में हरिनारायण राजीव के काम को लोगों ने खूब सराहा है। आज हमारे युवा ऐसा कंटेंट तैयार कर रहे हैं ।जिनमें भारतीय संस्कृति की झलक होती है और इन्हें पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा, 28 अक्टूबर को वर्ल्ड एनिमेशन डे मनाया जाएगा। हम भारत को ग्लोबल एनिमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेते हैं । उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर बात करते हुए कहा, आत्मनिर्भरता हमारी पॉलिसी ही नहीं पेशन बन गया है। आत्मनिर्भर भारत हर सेक्टर में कमाल कर रहा है। एक समय में मोबाइल फोन इमपोर्ट करने वाला भारत आज दुनिया में बड़ा उत्पादक बन गया है।कभी दुनिया में सबसे ज्यादा डिफेंस का सामान खरीदने वाला भारत आज 85 देशों को एक्सपोर्ट भी कर रहा है। स्पेस टेक्नोलोजी में भी आगे बढ़ रहा है। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड को लेकर कहा कभी कोई ऐसा कॉल आए तो डरना नहीं चाहिए और याद रखना चाहिए की कोई भी जांच एजेंसी फोन पर पूछताछ नहीं करती है. पीएम ने डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताए। रुको,सोचो, एक्शन लो। कहा ऐसा कुछ हो तो शांत रहना चाहिए, घबराओ नहीं है और फिर सोच कर एक्शन लेना चाहिए। साथ ही पीएम ने कहा ऐसा कुछ होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें। साथ ही साइबर क्राइम की वेबसाइट पर रिपोर्ट करें। परिवार और पुलिस को सूचित करें। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने कहा कि पीएम मोदी नेतृत्व में आर्थिक महाशक्ति भारत बन रहा है। जो राष्ट्र समय के साथ नहीं चलेगा वह पिछड़ जाएगा। पिछले दस वर्षो में भारत ने जो तरक्की की है वो आज दुनिया देख रही है। दस वर्षो में पीएम नरेंद्र मोदी ने दसवीं अर्थव्यवस्था वाले देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश जिस रफ्तार से बढ़ रहा हैं, जल्द ही भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति वाला देश बनकर उभरेगा।विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। नभ,जल व थल समेत अनेक नये क्षेत्रों में ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। यह सबके सहभागिता से आगे बढ़ता जा रहा है।प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, विधायक पी. एन पाठक, सांसद विजय दुबे, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय,नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी राकेश जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, बलिस्टर भारती , शैलेन्द्र सिंह, डॉ योगेश्वर मद्धेशिया, सभासद सूर्यनाथ यादव, प्रभुनाथ सिंह, केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया, वीरेंद्र त्रिपाठी, अमित मालवीय, राज पाठक, संजीव दूबे समेत अन्य मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## फिलीपींस : तूफान ने ढाया कहर, 46 की मौत, 20 लापता



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में इस हफ्ते आए उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी कि कम से कम 20 लोग अभी भी लापता हैं। सिविल डिफेंस एडमिनिस्ट्रेटर एरियल नेपोमुसेनो के कार्यालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि देश भर के नौ क्षेत्रों में ट्रामी से संबंधित मौतों की सूचना मिली है। मनीला के दक्षिण-पूर्व में स्थित बिकोल क्षेत्र, (जो तूफान का सबसे अधिक प्रकोप झेल रहा है), में सबसे अधिक 28 मौतें हुई हैं। कैलाबारजोन क्षेत्र में 15 मौतें हुई हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि फिलीपींस के अन्य क्षेत्रों में भी ट्रामी से संबंधित मौतों की सूचना मिली है। इस वर्ष फिलीपींस में आने वाला 11वां तूफान ट्रामी मुख्य लूजोन द्वीप से होकर गुजरा, जो बिकोल और कैलाबारजोन क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। मृतकों के आंकड़े बढ़ सकते हैं, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियां ट्रामी के प्रभाव का आकलन करना जारी रखे हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार तक देश भर में 293 सड़कें और 67 पुल अभी चलने लायक नहीं हैं। कुछ क्षेत्रों में बिजली अभी भी बहाल नहीं हुई है। राज्य मौसम ब्यूरो ने कहा कि शुक्रवार सुबह उत्तरी फिलीपींस में इलोकोस सुर प्रांत से 255 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में ट्रामी को देखा गया। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था, जिसमें 95 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं और 151 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं चल रही थीं। राज्य मौसम ब्यूरो ने शुक्रवार दोपहर या शाम को ट्रामी के फिलीपींस से बाहर निकलने का अनुमान लगाया है। फिलीपींस में हर साल औसतन 20 तूफान आते हैं।

## चिली की राजधानी में स्कूल विस्फोट के दो दिन बाद 23 छात्र अस्पताल में भर्ती

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली की राजधानी सैंटियागो के एक स्कूल में बुधवार को हुए धमाके में घायल हुए 35 में से 23 छात्र अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने बताया कि दो घायल छात्रों की हालत बेहद गंभीर है, जबकि आठ अन्य गंभीर स्थिति में हैं। अच्छी बात यह है कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है। शिक्षा मंत्री निकोलस कैटलडो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शुक्रवार को 12 छात्रों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कैटलडो ने इस बात को खारिज किया कि यह घटना एक अलग घटना है, जैसा कि स्कूल हेड मारिया अलेजांद्रा बेनावाइडेस ने पहले मीडिया से कहा था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बारोस अराना नेशनल बोर्डिंग स्कूल के कुछ छात्र बुधवार को सार्वजनिक सड़कों पर विस्फोटक उपकरण लॉन्च करने की तैयारी कर रहा था। लेकिन इन उपकरणों में अज्ञात कारणों से एक बाथरूम में ही विस्फोट हो गया।

## अमेरिकी चुनाव में सेंध लगाने में जुटा चीन! डोनाल्ड ट्रंप के फोन पर भी हैकर्स का हमला



**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीन के हैकर दुनिया के कई देशों में साइबर अटैक कर चुके हैं। वहीं अब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बीच खबर है कि पूर्व राषट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जेडी वेंस के फोन को निशाना बनाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी हैकर अब अमेरिका में शीर्ष नेताओं के डेटा को निशाना बनाना चाहते हैं। चीनी हैकरों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के सीनियर अधिकारियों को भी टारगेट किया था। इसी सप्ताह अमेरिकी अधिकारियों ने जानकारी दी कि चीनी हैकरों ने जिनके फोन को निशाना बनाया था उनमें डोनाल्ड ट्रंप और जेडी वेंस भी शामिल हैं। वहीं ट्रंप के प्रचार प्रवक्ता स्टीव चेउंग ने कहा कि कमला हैरिस ही चीन का उत्साहवर्धन कर रही हैं। अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि हैकर कोई जानकारी निकाल पाए हैं या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमना और पूर्व अधिकारियों के फोन हैकर करने की कोशिश हो रही थी। शुक्रवार को एफबीआई और अमेरिकी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने कहा, अमेरिकी सरकार इस बात की जांच कर रही है कि क्या चीन से अमेरिका के कमर्शल टेलिकम्यनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर में दखल देने की कोशिश की गई है। सीआईएसए और एफबीआई ने संबंधित कंपनियों को निोटिस भी जारी किया है और कहा है कि वे तकनीकी सुधार करें। सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप और जेडी वेंस के फोन हैक करने की कोशिश की गई है। कई महीनों से चीनी हैकर अमेरिकी कंपनियों में घुसपैठ की कोशिश में लगे हुए हैं। वे अमेरिका की सुरक्षा से जुड़ी खुफिया जानकारी लेना चहते हैं। वहीं चीनी सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है।

# ईरान पर हमले के बाद इजराइल बोला- हमारे विमान सुरक्षित लौटे, मध्यपूर्व में बढ़ा खतरा



**दुबई, एजेंसी।** इजराइल के ईरान पर हमले ने पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है. यह पहली बार है कि इजराइल ने खुलेआम ईरान पर हमला किया है. ईरान पर 1980 के बाद किसी भी देश ने सीधा हमला नहीं किया है. इजराइल ने देर रात हमला शुरू किया और सूर्योदय होने से ठीक पहले इसे रोक दिया. इजराइली सेना ने कहा कि उसके सभी विमान सुरक्षित लौट चुके हैं. सेना ने कहा कि उसने उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां पर ईरान मिसाइल निर्माण कर रहा है, और इन्हीं मिसाइलों से ईरान ने इजराइल पर हमला किया था. इजराइली सेना ने बताया कि उसने ईरानी हवाई क्षमता पर भी आक्रमण किया. इस हमले से पहले ऐसा माना जा रहा था कि इजराइल ईरान की परमाणु क्षमता पर हमला कर सकता है. हालांकि, इजराइल ने अमेरिका को आश्वासन दिया था कि वह परमाणु सुविधाओं और तेल प्रतिष्ठानों पर हमले नहीं करेगा. यहां आपको बता दें कि ईरान ने एक अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था. उसने 180 से अधिक मिसाइल छोड़े थे. ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री आवास पर भी हमला किया था. इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल ने कहा, ईरान सात अक्टूबर से लगातार इजराइल पर हमला कर रहा है, जिसमें ईरानी धरती से सीधे हमले भी शामिल हैं. इसलिए दुनिया के हर दूसरे संप्रभु देश की तरह, इजराइल को भी जवाब देने का अधिकार है और यह उसका अपने देश के प्रति कर्तव्य भी है. हालांकि, इस हमले के बाद अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है कि वह आगे और हमले न करे.

**क्या कहा ईरान ने :** ईरान की सरकारी मीडिया ने इन धमाकों की पुष्टि की है. हालांकि, उसने कहा कि इससे उसे बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचा है. धमाकों की आवाज ईरान में भी सुनाई दे रही थी. एयर डिफेंस सिस्टम पर हमले की कोशिश की गई है. ईरान की सेना ने कहा कि हमलों में इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है और इससे बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है.

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले की खबर के तुरंत बाद सामान्य खबरें दिखाई जाने लगीं. एपी न्यूज एजेंसी ने बताया है कि एक स्थानीय नागरिक ने सात विस्फोट सुने जाने को लेकर जानकारी दी है. सरफेस टू एयर मिसाइलों को स्पॉट किया गया. शहर में कई जगहों पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखी गईं. ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं. क्या कहा अमेरिका ने अमेरिका चाहता है कि इस युद्ध का दायरा और अधिक न बढ़े. अमेरिका राष्ट्रपति को पल-पल की सूचना दी जा रही है. मेजर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार देर रात कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने ईरान में सैन्य ठिकानों पर इजराइल के हमलों के बारे में अपने इजराइली समकक्ष योव गैलेंट से बात की. अमेरिका इस बात का पक्षधर है कि इजराइल को सेल्फ डिफेंस का अधिकार है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने की जरूरत नहीं है.

**क्या है पृष्ठभूमि :** पिछले साल सात अक्टूबर को हमास और अन्य आतंकवादियों ने इजराइल पर हमला किया था. इस हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था. इसके जवाब में इजराइल ने हमास के खिलाफ कार्रवाई शुरू की. कई हमले किए. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक सारे बंधकों को छुड़ा नहीं लिया जाता है, तब तक हमले जारी रहेंगे. लोकल हेल्थ अधिकारियों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 42 हजार पिलिस्तीनी मारे गए हैं. और मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं. इजराइल के उत्तर में लेबनान है. दक्षिणी लेबनान से हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हमला किया था. इजराइल ने हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडरों को मार गिराया. हिजबुल्लाह को ईरान का समर्थन प्राप्त है. ईरान में 1979 को इस्लामिक क्रांति आई थी. इसके बाद से ईरान और इजराइल एक दूसरे के कट्टर दुश्मन बने हुए हैं. ईरान तभी से इजराइल के खिलाफ कई आतंकवादी समूहों का साथ देता रहा है।

## ईरान पर हमले के बाद अमेरिका ने ठोकी इजरायल की पीठ, नसीहत भी दी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों



शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए और उसने कहा कि अन्य सहयोगी देश भी इससे सहमत हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने शुक्रवार को पूरे दिन अभियान के बारे में जानकारी दी। वाइट हाउस के नियमों के अनुसार नाम न उजागर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजराइली अभियान ''व्यापक, सटीक और लक्षित'' था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इस हमले में कोई संलिप्तता नहीं है। अमेरिका ने इजरायल की पीठ ठोकते हुए कहा है कि यहूदी देश ने बदला भी ले लिया और किसी परमाणु ठिकाने को निशाना भी नहीं बनाया है। बता दें कि शनिवार की सुबह ही इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया। इजरायल के इस मिसाइल अटैक को ईरान विफल नहीं कर पाया। ईरानी सेना ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि कुछ मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि इजरायल का कहना है कि उसने तेहरान में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और उससे ईरान को नुकसान हुआ है। इजरायल ने कहा कि महीने भर से ईरान उसपर बलिस्टिक मिसाइल से अटैक कर रहा था। ऐसे में यह केवल जवाब भर दिया गया है। बता दें कि तेहरान में हमास चीफ की हत्या के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है और लगातार इजरायल पर हमले की धमकी दे रहा है। वहीं लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ की हत्या के बाद ईरान ने हमले भी शुरू कर दिए। पहले से ही आशंका थी कि इजरायल ईरान पर हमले कर सकताहै।

## मलेशिया में बस-ट्रक की टक्कर में एक जापानी पर्यटक की मौत, 12 घायल

**कुआला लुम्पुर, एजेंसी।** मलेशिया में जापानी पर्यटकों को लेकर जा रही एक बस ट्रक से टकरा गई, जिससे एक पर्यटक की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी जापान की एक प्रमुख ट्रैवल एजेंसी जेटीबी कॉर्प ने शुक्रवार को दी।

यह हादसा बृहस्पतिवार को मध्य मलेशिया के पेरक प्रांत में हुआ, जब बस पेनांग से लोकप्रिय पर्यटन स्थल कैमरुन हाईलैंड की ओर जा रही थी, जो अपने चाय बागानों के लिए जाना जाता है। जेटीबी के अध्यक्ष और सीईओ ईजीरो यामाकिता ने टोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हादसे में एक 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

मलेशिया के दमकल एवं बचाव विभाग ने कहा कि बस में जापान के तीन पुरुष और आठ महिलाएं शामिल थीं। सभी वरिष्ठ नागरिक थे। बस चालक और एक स्थानीय टूर गाइड भी बस में मौजूद थे। सभी 13 पीड़ितों को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला गया और दुर्घटनास्थल पर प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल ले जाया गया। यामाकिता ने कहा कि कुछ पीड़ित गंभीर रूप से घायल हुए हैं, लेकिन उनकी वास्तविक स्थिति अभी ज्ञात नहीं हो पाई है। दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

# ईरान पर हमले के बाद बोला इजरायल- बदला पूरा हुआ, अपनी आत्मरक्षा में कदम उठाए

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायली सेना ने शनिवार को ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना के मुताबिक यह हमला एक अक्टूबर को ईरानी मिसाइलों के हमले का बदला लेने के लिए किया गया है। इजरायल ने कहा है कि सभी संप्रभु देशों की तरह उसे भी अधिकार है वह अपनी आत्मरक्षा में कदम उठाए। उसने यह भी कहा है कि उसका मिशन पूरा हुआ। ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। वहीं, ईराक ने भी अपनी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इन हमलों ने दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पूर्ण युद्ध का खतरा और बढ़ा दिया है। बता दें कि पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह-गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह-पहले से ही इजरायल के साथ युद्धरत हैं। गौरतलब है कि ईरान ने पहले ही कहा है कि अगर उसके ऊपर हमला हुआ वह भी चुप नहीं बैठेगा। वहीं, अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज के मुताबिक हमले से कुछ ही देर पहले व्हाइट हाउस को इसकी जानकारी मिली थी।

यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकेन समझौते और मिडिल ईस्ट में शांति के मकसद से इजरायल पहुंचे हुए हैं। इजरायल ने शनिवार सुबह सीरिया पर भी बम बरसाए, जिसके धमाके दमिश्क में सुनाई दिए। सितंबर अंत से इजरायल सीरिया और लेबनान के खिलाफ अभियान चला रहा है। उसके मुताबिक वह हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऐसा कर रहा है। इस बीच





शुक्रवार को पत्रकारों के परिसर पर हमले के लिए इजरायल की आलोचना भी हो रही है। दक्षिण पूर्व लेबनान में हुए इस हमले में तीन पत्रकार मारे गए थे। अगली नोटिस तक ईरान-इराक की फ्लाइट्स कैंसिल इजरायल के हमले के बाद ईरान ने बड़ा कदम उठाया है। ईरान के नागरिक उड्डयन संस्था के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान में सभी रूट्स की फ्लाइट्स को अगली सूचना तक बंद कर दिया है। वहीं, इराक ने भी फ्लाइट्स का संचालन बंद कर दिया है। इराक ने यह फैसला ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के इलाकों में इजरायली हवाई हमलों के बाद लिया। इस बीच ईरान-इराक के एक गुट ने इजरायल पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। समाचार एजेंसी एएफपी ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, अर्धसरकारी समाचार एजेंसी तंसीम के मुताबिक ईरान भी इजरायल पर जवाबी हमले के लिए तैयार है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहाकि इस बारे में कोई शक नहीं है कि इजरायल को इस हमले का खामियाजा भुगतना होगा। वहीं, अमेरिका ने इजरायल के हमलों में खुद के शामिल होने की बात खारिज की है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बीबीसी को बताया कि ईरान पर हुए इजरायल के ताजा हमले में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायली ठिकानों पर लगभग 180 मिसाइलें दागीं।

# दक्षिण कोरिया में बढ़ रहे हैं लम्पी स्किन डिजीज के मामले

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस साल कुल मामलों की संख्या 14 हो गई है। कृषि मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। नया मामला मंकयोंग के एक पशु फार्म में पाया गया, जो सियोल से करीब 140 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। मंत्रालय ने इस फार्म और उसके आसपास के छह क्षेत्रों में सभी जुड़े लोगों और वाहनों के लिए 24 घंटे का प्रतिबंध लागू किया है।



शुक्रवार को भी दक्षिण कोरिया में तीन और मामले सामने आए थे। सरकार ने कहा कि इस बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सभी उपलब्ध सैनिटाइजेशन वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। एलएसडी एक संक्रामक बीमारी है जो गायों और भैंसों में त्वचा पर दाने, बुखार, भूख कम होना और दूध उत्पादन में गिरावट जैसे लक्षण पैदा करती है। गंभीर मामलों में इससे मौत भी हो सकती है। यह बीमारी मच्छरों और अन्य खून चूसने वाले कीड़ों से फैलती है। इसके अलावा, राजधानी सियोल से पूर्व में 118 किलोमीटर दूर इनजे और दक्षिण में 80 किलोमीटर दूर डांगजिन में भी एलएसडी के अलग-अलग मामले पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावित फार्म को सील कर दिया गया है और क्वारंटीन उपाय लागू किए गए हैं। कृषि मंत्रालय ने सभी प्रांतों को सतर्क रहने और इस महीने के अंत तक सभी गायों का टीकाकरण पूरा करने का निर्देश दिया है। दक्षिण कोरिया में इस साल अगस्त में एलएसडी का पहला मामला सामने आया था, जो सियोल से 65 किलोमीटर दक्षिण में अंसियोंग के एक फार्म में पाया गया, जहां 80 गायें थीं। पिछले साल नवंबर के बाद यह पहली बार था जब दक्षिण कोरिया में एलएसडी का मामला पाया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वे 2025 तक एक ऐसा जेनेटिक डायग्नोस्टिक किट विकसित करने की योजना बना रहे हैं जिससे संक्रमित गायों की पहचान कर, पूरे झुंड को नष्ट करने की बजाय केवल बीमार जानवरों को अलग किया जा सके।

## ईरान का दावा- इस्राइली हमला नाकाम किया, अमेरिका ने तेहरान को दी चेतावनी

**तेहरान, एजेंसी।** इस्राइल के हवाई हमले के बाद ईरान ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइली हमले को नाकाम कर दिया। ईरान ने कहा कि कई मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया। जो मिसाइलें और रॉकेट गिरे हैं, उनसे बेहद कम नुकसान हुआ है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने कहा कि हवा में ही इस्राइल की मिसाइलों को तबाह कर दिया गया। वहीं अमेरिका ने जवाबी हमले के लिए ईरान को चेताया है। साथ ही दोनों देशों को एक दूसरे पर सैन्य हमले बंद करने की सलाह दी है।

**ईरान का दावा- इस्राइली हमला नाकाम किया :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की राजधानी तेहरान में धमाके की छह आवाजें सुनी गईं। हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तेहरान में तीन जगहों पर हमले को नाकाम कर दिया। ईरान ने इस्राइल पर जवाबी हमले की धमकी भी दी है। इससे पहले इस्राइली सेना ने बयान जारी कर ईरान पर हवाई हमले की जानकारी दी। इस्राइली सेना ने कहा कि ईरान के सैन्य ठिकानों पर पूरी सटीकता से हमले किए गए। इस्राइल ने ईरान के साथ ही सीरिया में भी ईरान समर्थित ठिकानों पर हमले किए। इस्राइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा संदेश साफ है कि अगर कोई भी इस्राइल को डराने-धमकाने की कोशिश करेगा तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने आज इसका नमूना दिखा दिया है। हम इस्राइल और इसके लोगों की सुरक्षा के लिए रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरीकों से तैयार हैं। इस्राइली सेना ने ईरान को जवाबी हमले को लेकर भी चेतावनी दी है।

**सऊदी अरब ने की इस्राइली हमले की आलोचना :** इस्राइल के ईरान पर हमले की सऊदी अरब ने आलोचना की है और इसे ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे संघर्ष को खत्म कराने के लिए एकजुट होकर कार्रवाई करें। वहीं हमले के बाद इस्राइल ने अपना हवाई क्षेत्र एहतियातन बंद करने का फैसला किया है। ईरान ने भी हमले के तुरंत बाद अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था और सभी उड़ानों को रद्द कर दिया था, लेकिन अब ईरान ने अपनी उड़ान सेवाओं को फिर से चालू करने का फैसला किया है।

**अमेरिका ने ईरान को चेतावनी :** वहीं अमेरिका भी इस्राइल के समर्थन में आ गया है और उसने ईरान को जवाबी हमले को लेकर चेतावनी दी है। अमेरिका ने कहा कि ईरान पर इजराइल के हमलों के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद हो जाने चाहिए, उसने तेहरान को चेतावनी दी कि वह इजराइल के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई न करे। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस्राइल ने ईरान पर हमले से पहले ही व्हाइट हाउस को इसके बारे में जानकारी दे दी थी।

## जेलेंस्की का दावा- जंग में रूस उतारेगा नॉर्थ कोरियाई सैनिक:इसी हफ्ते होगी तैनाती; पश्चिमी देश बोले- इससे जंग भड़केगी

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि रूस अब जंग में नॉर्थ कोरिया के सैनिकों को उतारने की तैयारी में हैं। इन सैनिकों को इसी हफ्ते तैनात किया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिमी देशों ने इस कदम से जंग के भड़कने और इसका असर दूसरे क्षेत्रों खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में होने की बात कही है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों ने जो जानकारी जुटाई है उसके मुताबिक नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रविवार से सोमवार के बीच जंग में भेजा जाएगा। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया ने रूस को 12 हजार सैनिक भेजे हैं। इनमें 500 अधिकारी और 3 जनरल शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने दावा किया था कि रूस में पहले से ही 3 हजार नॉर्थ कोरियाई सैनिक तैनात हैं। दावे के मुताबिक इन सैनिकों ने रूस के पूर्वी हिस्से में मौजूद सैन्य ठिकानों पर ट्रेनिंग दी गई है। साउथ कोरिया बोला- नॉर्थ कोरिया ने पिछले हफ्ते 1500 सैनिक भेजे पिछले हफ्ते 18 अक्टूबर को साउथ कोरिया ने भी दावा किया था कि नॉर्थ कोरिया ने यूक्रेन जंग में रूस की मदद के लिए सैनिक भेजे हैं। साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विसर (एनआईएस) ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि 8 से 13 अक्टूबर के बीच नॉर्थ कोरिया के 1500 सैनिक, रूसी नौसेना के जहाजों से रूस के व्लादिवोस्तोक बंदरगाह पर पहुंचे है। ये सभी सैनिक नॉर्थ कोरिया की स्पेशल मिशन फोर्सेस का हिस्सा हैं। एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया जल्द ही कुछ और सैनिकों को रूस भेजेगा। एनआईएस ने कहा कि इन नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना की वर्दी, हथियार और



नकली पहचान पत्र दिए गए हैं। इन्हें तैनात करने से पहले रूसी माहौल में ढलने की ट्रेनिंग दी जा रही है। ये सभी सैनिक रूस के व्लादिवोस्तोक उस्सुरिस्क, खाबरोवस्क और ब्लागोवेशचेंस्क मिलिट्री बेस पर रह रहे हैं।

## अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के बाद लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री अस्पताल में भर्ती

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ महीने तक रहने के बाद लौटे नासा के एक अंतरिक्ष यात्री को अज्ञात चिकित्सा समस्या के कारण अस्पताल ले जाया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन अंतरिक्ष यात्रियों का अंतरिक्ष प्रवास बोइंग के कैप्सूल की खराबी और तूफान मिल्टन के कारण बढ़ गया था। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद 'स्पेस एक्स' के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे। अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अंतरिक्ष यात्री की हालत स्थिर है और उसे एहतियाती उपाय के तौर पर अस्पताल में रखा गया है। अन्य अंतरिक्ष यात्री ह्यूस्टन लौट गये हैं।

# मंदिर मे शिव स्तुति का पाठ करते हुए श्रद्धालु



**करनाल।** स्थानीय श्री राम मंदिर सेक्टर- 8 मे श्रद्धा एवं विश्वास के केंद्र पर आज आध्यात्मिक गतिविधियों का समावेश रहा। प्रातः अमृत बेला में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। पंडित अनिल द्विवेदी एवं पंडित हरीश आचार्य ने कार्तिक कथा को आए श्रद्धालुओं को श्रवण करवाया। इस अवसर पर शिव स्तुति का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य यजमान के रूप में डॉक्टर अनिल सरदाना, शालू सरदाना, शिवम सरदाना, अंशुल अरोड़ा, ने भोले बाबा को दूध, दही, घी शहद, शक्कर इत्यादि से स्नान करवा कर सुंदर-सुंदर फूलों द्वारा मनमोहक रूप से सजाया। भोले बाबा का अद्भुत एवं दिव्य रूप झलक रहा था। पंडित जी ने मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान से अभिषेक करवाया। भजनों की गंगा में बीना सेठ ने तेरा गाकर नाम प्रभु जी अमृत बरसे बरसेगा भाई बरसेगा अमृत बरसेगा। अनु खट्टर ने कई जन्मों से बुला रही हूं कोई तो रिश्ता जरूर होगा नजरों से नज़रे मिला ना पाई मेरी नजर का कसूर होगा और शालू सरदाना ने मुझे राधे-राधे कहना सिखा दे कन्हैया तेरा क्या बिगड़ेगा मैं रसिया बन जाऊं तेरे ही गुण गाउ इत्यादि भजन गाकर संगत को परमात्मा से मिलाने का कार्य किया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अशोक मदान, सुशील मदान, शशिकांत शर्मा, रजनी शर्मा, तरसेम गुप्ता, वेद दुआ, मुरारी बत्रा, सोमांश बत्रा, रिचा बत्रा, चांद बवेजा, अर्चना टक्कर, सरोज शर्मा, ऊषा बत्रा, पवन धमीजा, रविंद्र तनेजा, सतीश शर्मा, श्याम धमीजा इत्यादि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना-मुख्यमंत्री

**पानीपत।** हरियाणा के युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं। बिना अच्छे स्वास्थ्य के जीवन निराशा से भरा हुआ होता है। स्वस्थ शरीर मनुष्य जीवन की उत्तम कुंजी है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। हम चाहते हैं कि जनसाधारण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आए, जीवनशैली व्यवस्थित हो, समाज का ताना-बाना मजबूत हो और भाईचारे की कडियां सुदृढ़ हों। ये उद्गार प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने रविवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपतक सैक्टर 13-17 ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखा कर करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को पारितोषित वितरित करते हुए उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने



वाले हर नागरिक को बधाई देता हूं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना पूरे समाज को एक शुभ संदेश देता है और इससे सब नागरिक, विशेषकर बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमने हरियाणा में मैराथन, खेल, योग और राहगिरी को निरंतर बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और सभी संस्थाओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री मैराथन के धावकों के साथ खुली गाड़ी में दूर तक गये व संस्थाओं द्वारा लगाये गये व विभिन्न स्टालों का गाड़ी में अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री ने इस सफल आयोजन पर प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफल रहेगा। मैराथन में पहुंचें युवाओं ने खूब धूम मचाई व अपने उत्साह व जोश का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन में स्कूल-कालेज के बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा खिलाडियों के अलावा पुलिस के जवानों भी दौड़े। मैराथन में भाग लेने वाले बुजुर्गों में भी जोश देखने को मिला। 60 साल की आयु पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति नागरिकों की जागरूकता की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है जब पूरे पानीपत ने दौड़ लगाई है। ऐसी दौड़ जिसमें उत्साह, उमंग, खुशी और मिलकर चलने की प्रेरणा साफ नज़र आई। उन्होंने इस मैराथन में नॉन स्टॉप हरियाणा-नॉन स्टॉप जुनून के साथ दौडने़ वाले युवाओं के उत्साह को सलाम किया व विजेताओं को इस सफल आयोजन पर बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे मानेसर में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर हो, गुरुग्राम के स्टार्टअप्स हों या फिर खेल की दुनिया, हरियाणा के छोरा-छोरी खूब धूम मचा रहे हैं। वो किसी भी तरह से पीछे नहीं हैं। इस आयोजन के लिए उन्होंने गीता यूनिवर्सिटी और जिला प्रशासन के साथ-साथ सभी संस्थाओं की खुले मन से प्रशंसा भी की। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले कलाकारों, मेडिकल व्यवस्था करने वाले डॉक्टर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ, वालंटियर्स, पुलिस कर्मियों, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सडक़ सुरक्षा संगठन आदि कार्यकर्ताओं की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था। उनका उद्देश्य फिटनेस को दिन-प्रतिदिन के जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। यही नहीं,उन्होंने पूरी दुनिया को फिटनेस के लिए भारत की समृद्ध संस्कृति से उत्पन्न योग का मूलमंत्र भी दिया। प्रधानमंत्री की पहल पर वर्ष 2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अंगीकार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिट इंडिया मिशन ने भी योग के साथ-साथ खेल, व्यायाम आदि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि आप अपने घर व आसपास के बुजुर्गों व अन्य लोगों को भी फिट रहने के लिए प्रेरित करें। सरकार लोगों के स्वास्थ्य और फिटनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी उद्देश्य से हमने अपने संकल्प पत्र में हर ब्लॉक में ओपन एयर जिम्नेजियम खोलने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन में जो रुचि दिखाई है,उससे फिट इंडिया एक जन आंदोलन बन गया है। सुबह-सुबह पार्कों, खेल स्टेडियमों, खुले स्थानों, व्यायामशालाओं आदि में लोगों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है। पानीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला समेत अन्य शहर दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े शहरों में शामिल हो गए हैं, जिनमें ऐसे आयोजन हर साल किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम जून, 2023 से शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंवाद से जनकल्याण के माध्यम से हरियाणा का उदय करना है। मुझे खुशी है कि हरियाणा उदय हरियाणा का आज तक का सबसे बड़ा आउटरीच कार्यक्रम साबित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ऐसे और भी आयोजन भविष्य में करेंगे।

# रिटायर्ड सीनियर आफिसर फोरम ने किया कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल।** सेवानिवृत प्रथम श्रेणी अधिकारियों की संस्था रिटायर्ड सीनियर आफिसर फोरम ने दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के प्रधान एल.आर. लूथरा ने सबको दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंच संचालन ओ.पी. आनंद ने किया। आरएस गुप्ता ने दीपावली का महत्व बताया। पदम श्री डा. एम.एल. मदन ने एआई तकनीक को लेकर सदस्यों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में हर क्षेत्र में तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। पूरी दुनिया में नई-नई तकनीकों पर शोध चल रहे हैं। कार्यक्रम में ओपी आनंद, विनोद कालरा, गौड़, लाठर, सीमा आनंद व विनीत भाटिया ने प्रस्तुति दी। इस दौरान ओपी आनंद, सीमा आनंद, डा. विनोद कालरा एवं रेणु कालरा, डा. एसके अतरेजा एवं रेणू के विवाह की सालगिरह मनाई गई। अंत में एसके चावला ने स्वच्छता को लेकर संदेश दिया और सभी से आह्वान किया कि स्वच्छ वातावरण के लिए सभी को कार्य करने चाहिएं।

## नवनिर्वाचित हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने ली जिला प्रशासन के अधिकारियों की प्रथम बैठक

**संस्कार उजाला**
**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :**
हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शनिवार को बतौर उपाध्यक्ष पहली बार अपने गृह क्षेत्र जींद पहुंचे । इस मौके पर माननीय उपाध्यक्ष को जींद की जनता ने सर आंखों पर बैठाया तथा फूल माला व पगड़ी तथा चदर देकर उनका भव्य स्वागत किया। और इसी बीच उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक को संबोधित ली और जरुरी दिशा निर्देश दिए। इस बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह में किया गया।, जिसमें जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा,एडीसी विवेक आर्य,डीएमसी गुलजार मलिक सभी उपमंडल अधिकारी और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक तंत्र को और अधिक समन्वित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना रहा । बैठक में उपाध्यक्ष ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आमजन से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए रणनीतियां तय की गई। डॉ. मिड्ढा ने सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह , राज्य के सभी विधायक गण,प्रशासन और जींद की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने संबोधन में अधिकारियों को सुशासन, पारदर्शिता



और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने सरकारी योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए प्रशासनिक कार्यों में नवाचार और नागरिक-सेवा सुधार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविरों की सराहना की। उन्होंने कहा की समाधान शिविरों मे प्रशासनिक टीम ने पहले भी बहुत अच्छा काम किया है।और आगे भी इसी प्रकार धरातल पर कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का पूरी तरह से निदान करना ही हमारा मुख्य मकसद है। उन्होंने रामायण काल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार त्रेता युग मे भील समुदाय से संबंध रखने वाली सबरी माता को राम मिले थे। वैसे ही आज के वर्तमान युग मे बीजेपी सरकार का उद्देश्य देश के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाना हैं।इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की प्रमुख परियोजनाओं और महत्वपूर्ण नीतिगत विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार ने हमेशा बिना किसी भेदभाव और अच्छी सोच के साथ धरातल से जुड़ कर काम किया हैं। मेवात मे हमेशा ही पानी की कमी रही हैं परन्तु वहां विपक्ष की हवा होते हुए भी हमने पानी और बिजली की समस्या को दूर किया है और ऐसे ही सबका साथ सबका विकास की राह पर चलते हुए मिल जुल कर आगे बढ़ते हुए कार्य करना हैं। जींद मे भी आज विकास कार्य चरम पर है और आमजन को सभी सुख सुविधाएं देने के प्रयास जारी हैं । यह जींद का सौभाग्य हैं कि आज यहाँ मेडिकल कॉलेज बन रहा हैं और आगे भी जींद के लिए ऐसे ही विकास का यह पहिया चलता रहेगा । उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को सरकार के नाक, कान व आँख कहकर संबोधित करते हुए कहा कि एक दूसरे का सहयोग कर मिल जुलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की सरकार की यह बैठक प्रशासनिक विभागों के बीच मजबूत समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए रखी गई थी , ताकि जनसेवा को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जा सके। इससे जिले में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होगी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जनहित के अनुकूल ढालने में मदद मिलेगी।

# तकनीकी शिक्षा का लाभ उठा आगे बढ़े युवा: श्रीनिवास

संस्कार उजाला
हरियाणा/हिसार (गरिमा) :
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सूरेवाला उकलाना के दूसरे वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के उपाध्यक्ष श्रीनिवास गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उकलाना में तत्कालिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की बदोलत यह औद्योगिक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण बना जिससे बच्चे तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और इस तकनीकी शिक्षा का लाभ लेकर के आप आगे बढ़े और उकलाना क्षेत्र का नाम हो। वहीं उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा जो युवाओं को रोजगार बिना खर्ची पर्ची के दिया जा रहा है जिससे युवा शिक्षा के प्रति आकर्षित हो रहे हैं और आप लोग शिक्षा ग्रहण करेंगे एक अच्छे तरीके से आप शिक्षा ग्रहण करें तो आप लोगों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। वहीं कार्यक्रम में की अध्यक्षता पूर्व पार्षद वासुदेव शर्मा एवं अति विशेष आमंत्रित अतिथी के रूप में सूरेवाला के सरपंच बानी पहलवान पहुंचे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य प्रेम सिंह ने आए अतिथियो का सम्मान किया और आभार व्यक्त किया जबकि अतिथियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। दूसरे दीक्षांत समारोह में 27 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए और उनको पदक पहनकर श्रीनिवास गोयल ने भी सम्मान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सतीश आनंद बलराज प्रवेश रोहित प्रमोद जोगिंदर संदीप आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




# गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया

**करनाल।** सिख परंपरा के अंतर्गत चौथी पातशाही श्री गुरु राम दास जी महाराज का प्रकाश पर्व परपंरा कारसेवा में आज डेरा कार सेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया। दिन भर गुरु का अुअूट लंगर बरता गया। सुबह से धर्मालु गुरु साहेब के आगे मत्था टेकने के लिए पहेंचे। आज गुरु का गुणगान दूर दराज से आए रागी ढाडी जत्थों ने किया। यह जानकारी मंजी साहेब गुरूद्वारा कमिटी



के तथा एच जी पी सी के सदस्य रतन सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे के राजेंद्र मिड्ढा, प्रतिपाल सिंह सतेंद्र सिंह, अमन मिड्ढा, प्रीत मिड्ढा, मंजीत, सतिंदर सिंह तेजेन्द्र सिंह गुरजीत ,बजाज, मोंटू आहुजा, कंवल जीते सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से प्रकाश उत्सव पर गुरु मत समागम कार्यक्रम चलता रहा। गुरुमत समागम में भाई सर्वजीत सिंह पटना साहेब वाले, भाई मेहताब सिंह गुरु की महिमा का गान किया। । इस अवसर पर निफा के सहयोग से रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। गुरमत समागम में गुरु के आगे मत्था टेकने के लिए विधायकजगमोहन आनंद और स्टाफ सर्विस सिलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा पहुंचे। उन्होंने गुरु के आगे शीश झुकाया। अतिथियों को गुरनानक सेवा जत्थे तथा एचएसजीपीसी के सदस्य रतन सिंहगुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। । इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। इस अवसर पर दर्शन सिंह सहगल, राजेंद्र अरोड़ा पप्पी, सुरेंद्र सिंह रामगडिया़ उपस्थित थे। उन्हें भी सरोपा भेंट किया गया। इस अवसर पर मंजी साहेब गुरूद्वारा कमिटी के तथा एच जी पी सी के सदस्य रतन सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे के राजेंद्र मिड्ढा, प्रतिपाल सिंह सतेंद्र सिंह, अमन मिड्ढा, प्रीत मिड्ढा, मंजीत, सतिंदर सिंह तेजेन्द्र सिंह गुरजीत ,बजाज, मोंटू आहुजा, कंवल जीते सिंह उपस्थित थे।

# बी पी के एम के शिष्टमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री की अध्यक्षता में कृष्ण बेदी से पत्रकारों की मांगों बारे की चर्चा

**संस्कार उजाला**
**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :**
भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में हरियाणा सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री व हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी के समक्ष हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन बढ़ा कर 15 हजार से बढ़ा कर कम से कम 40 हजार रुपये करने ,टोल टैक्स पर पत्रकारों के वाहनों का आवागमन निःशुल्क करने, पत्रकारों की पेंशन की उम्र 60 वर्ष की बजाए 55 वर्ष करने, मान्यता नियमो का सरलीकरण करने , पेंशन हेतु एक्रीडिशन को 5 वर्ष से कम कर के 2 वर्ष करने, पत्रकारिता में एक्सपीरियंस 20 वर्ष की बजाए 5 वर्ष करने,हरियाणा सरकार के




पत्रकार कल्याण कोष से गंभीर रूप से बीमार व विपदाग्रस्त पत्रकारों को 10 लाख रुपए तक की मदद प्रदान करने,हरियाणा सरकार द्वारा जल्द से जल्द नए सिरे से एक्रीडिशन कमेटी का गठन करने व गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी रिकोनाइजेशन के आधार पर मान्यता व पेंशन प्रदान करने के साथ साथ देश हित मे सोशल मीडिया के माध्यम से रेगुलर सकारात्मक पत्रकारिता करने वालो को मान्यता देने की मांग की है। पवन आश्री ने इस अवसर पर मंत्री कृष्ण बेदी को अटल बिहारी वाजपेयी के लोकप्रिय राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र व राष्ट्रीय समाचार पत्र उर्दू में प्रकाशित उन की व हरियाणा सरकार की इम्प्रेसिव कवरेज वाले न्यूज पेपर की प्रतियां भी भेंट की जिस की मंत्री ने सराहना करते हुए समस्त वीर अर्जुन परिवार का आभार जताया और कहा कि जिस प्रकार इस न्यूज पेपर में किसी जमाने मे भारत के तत्कालीन सवर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी अपनी निर्भीक लेखनी से समाज हित मे सकारात्मक पत्रकरिता किया करते थे वैसे ही यह समाचार पत्र भविष्य मे भी देशहित में अपनी निर्भीक लेखनी से अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। इस से पूर्व भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के शिष्टमंडल ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का मंत्री बनने पर इस लिये भी आभार जताया क्यों कि कृष्ण बेदी ने ही अपने पूर्व काल मे राज्यमंत्री के तौर पर शिमला में हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से पत्रकारों को पेंशन दिलाने की मांग की थी जिस के बाद कृष्ण बेदी ने मंच के सदस्यों के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिल कर हरियाणा के पत्रकारों के लिये पहली बार हर मास 10 हजार रुपए पेंशन लागू करवाने का कार्य किया था भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व साजसेवा में भारत के राष्ट्रपति महोदय से अवार्डी पवन आश्री, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह व मंच के सक्रिय सदस्य विवेक शर्मा ने बुके दे कर मंत्री कृष्ण बेदी का भव्य वेलकम भी किया और आशा जताई कि मंत्री कृष्ण बेदी ने जिस प्रकार अपने राज्यमंत्रीळ होते हुए शिमला में हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से आयोजित पत्रकारिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर से मिल कर हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से पेंशन की मांग पूरी करवाई थी उसी प्रकार वे फिर से भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर दुग्गव राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह आदि द्वारा हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन 15 हजार से 40 हजार बढ़वाने व अन्य सभी उपरोक्त मानगो के लिये हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिल कर पत्रकारों के हित मे अवश्य कार्य करेंगे

# जरूतमंद लोगों को हॉप टू हैपिनेस संस्था ने बांटे कंबल

**करनाल, आशुतोष गौतम।** हॉप टू हैपिनेस (एचटूएच) संस्था द्वारा लेडीज इंडस्ट्रियल होम संस्थान में गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व सीएम के पूर्व ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की। मंच संचालन जोगिद्र मदान ने किया। 251 लोगों को कंबल भेंट किए गए। हॉप टू हैपिनेस संस्था की ओर से विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व ओएसडी संजय बठला व इस पुण्य कार्य में सहयोग करने वाले लोगों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि समाज के जरूरतमंद तबके की मदद करना पुण्य कार्य है। हॉप टू हैपिनेस संस्था ने यह प्रशसंनीय कार्य किया है। संस्था इसी प्रकार से अन्य सामाजिक कार्य भी करती रहती है, जिसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मदान परिवार मंच की विशेष रूप से सराहना की। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार जन कल्याण के लिए काम करेगी। जो वादे प्रदेश की जनता से किए गए हैं वह सभी पूरे किए जाएंगे। जन समस्याओं का हल करने के लिए वह हर समय तत्पर हैं। इस अवसर पर सुनील मदान, जुगल बठला, अभिषेक गांधी, मोहित, रामा मदान, शशि टंडन, अनिल रहलन, चंद्रदीप, प्रवीण मदान, अमित आहूजा, प्रेम संदूजा, बलदेव खुराना, प्रमोद आहूजा, अलका आदि।

# हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को निष्क्षता एवं ईमानदारी के साथ निभाऊँगा-हरविंद्र कल्याण

**करनाल,।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल पहुंचे, जहां पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता ,पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता , पूर्व ओएसडी संजय बठला, भाजपा नेता अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, निर्मल बैरागी , पूर्व विधायक कश्यप, जिला महामंत्री सुनील गोयल व जयभगवान सिकरी, उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा व प्रवीन लाठर, सोहन सिंह राणा, धीरज खरकारी, मेहर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक तथा मेघा भंडारी, मदन गुजर, कर्मबीर कल्याण सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ने हरविंद्र कल्याण का पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओ से स्वागत व गर्मजोशी से अभिनंदन किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र



कल्याण के स्वागत का यह कार्यक्रम रविवार को कुरुक्षेत्र जिला से शुरू हो गया था , रास्ते में नीलोखेड़ी विधानसभा के क्षेत्र में प्रवेश करने पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग पर माता काली मंदिर, तरावड़ी, झिझाड़ी स्वागत किया गया। इसके बाद ओसियस कर्ण लेक, बल्डी बाईपास चौक, बसंत विहार चौक, आईटीआई चौक, कर्ण कमल कार्यालय,सेक्टर-6 चौक, ताऊ देवी लाल चौक, कम्बोपुरा, पक्का पुल उंचासमाना तथा कल्याण फॉर्म हाउस पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहित भारी संख्या में लोगों ने पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओ से स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भी कार्यकर्त्ताओं द्वारा किए गए अभिनंदन को सहर्ष और हाथ जोडक़र अभिवादन स्वीकार किया। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह लड्डू बांट कर खुशी जाहिर की और कार्यकर्ता बीच-बीच में सेल्फी लेते नजर आए।

इस मौके पर हरविंद्र कल्याण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा के पक्ष व विपक्ष के सभी सदस्यों ने मुझे हरियाणा विधानसभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुना हैं, इसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बतौर विधानसभा अध्यक्ष की जो जिम्मेवारी मिली है, मैं उसे निष्क्षता व पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सदन को सुचारू रूप से चलाने का पूरा प्रयास करूगां। उन्होंने कहा कि मेरी यह भी कोशिश रहेगी कि सभी विधायकों को सदन में जनता की आवाज उठाने के लिए पर्याप्त समय मिलें। उन्होंने कहा कि संसद व विधानसभा लोकतंत्र का मन्दिर हैं। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान के लिए निष्पक्षता से सभी सदस्यों को उनकी बात रखने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं ने जो आज सम्मान दिया है इसके लिए मैं उनका आभारी हूं । करनाल के लोगों ने सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जिताने का कार्य किया हैं। हम सभी पांचों विधायक एक टीम की तरह कार्य करते हुए करनाल जिला को विकास की राह पर आगे बढ़ाएगें तथा सभी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिलेगा। उन्होंने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को लेकर शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। इस मौके पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि करनाल जिला की जनता का सौभाग्य है कि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण को विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया हैं। यह इनकी निष्ठा व ईमानदारी का परिणाम है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आंन्द ने कहा कि करनाल जिला से विधानसभा का अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण चुने गए हैं जो कि बहुत खुशी की बात हैं। इसके लिए उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि यह करनाल की जनता को दीपावली त्यौहार पर बड़ी सौगात दी है ।उन्होंने कहा करनाल जिला में जो परियोजनाएं चल रही हैं उनको भी पूरा करवाया जाएगा तथा नई-नई परियोजनाओं के भी प्रयास किए जाएंगे ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिले।

# डोगरी भाषा साहित्य संस्कृति की सेवा के लिए काम कर रहे है।

## नमे लिखारी नमी सोच ग्रुप ने शाही परिवार का जताया आभार

संस्कार उजाला

**जम्मू :** अखनूर के ₹नमे लिखारी नमी सोच₹ के लेखक डोगरी भाषा, साहित्य और संस्कृति की सेवा में समर्पित हैं। इनका लेखन न केवल डोगरी साहित्य में नई सोच और ताजगी लाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि डोगरी भाषा की समृद्ध परंपरा को नए जमाने के पाठकों तक पहुँचाया जा सके। डोगरी भाषा की विरासत को सहेजने और संवारने के लिए वे लगातार लेखन, कविता, कहानियों और लेखों के माध्यम से काम कर रहे हैं। उनके लेखन में समाज की समस्याओं, लोकसंस्कृति, और ग्रामीण जीवन की झलक मिलती है, जिससे वे अपनी भाषा और परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में



प्रासंगिक बनाए रखते हैं। नमे लिखारी नमी सोच₹ के माध्यम से वे नई पीढ़ी के लेखकों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपनी मातृभाषा में लिखें, ताकि डोगरी भाषा और संस्कृति का विकास होता रहे। अखनूर नमे लिखारी नमी सोच ₹ के लेखक जो डोगरी भाषा साहित्य संस्कृति की सेवा के लिए काम कर रहे है। इन्सभी युवा लेखक व लेखिकाओं ने नमें लिखारी नमी सोच ग्रुप का निर्माण किया है। इस ग्रुप द्वारा नमे लिखारी नमी सोच भाग 1 का बिमोचन भी इसी बर्ष हुआ था। यह युवाओं का एक छोटा सा प्रयास था। युवाओं के इस छोटे से प्रयास को देखते हुए जम्मू कश्मीर के शाही परिवार ने कुछ दिन पहले इस ग्रुप के सदस्यों को आमंत्रित कर इन युवाओं को अपना आशीर्वाद दिया और आज महाराजा गुलाब सिंह जी के 232 जन्मदिवस आमंत्रित कर मंच पर इन सदस्यों की सराहना की, जम्मू कश्मीर के राजपरिवार महाराजा कुमार आजाद शत्रु सिंह व कूंबर मारर्तड सिंह द्वारा महाराजा गुलाब सिंह के 232 वे जन्मदिवस पर शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। गत दिन ही शाम 5 बजे अमर महल में महाराजा गुलाब सिंह जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में इन लेखको को शामिल होने का मौका मिला। जिसमें महाराजा गुलाब सिंह अवार्ड इस बार सुप्रिम कोर्ट के जज श्री प्रमोद कोहली को दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा डा: कर्ण सिंह जी ने की इस मौके पर लेखिका रोहणी मगोत्रा, दीपीका ठाकूर, सगारीका शर्मा ने कहा के यह हमारे लिए एक नया मौका था। हमने कभी सोचा भी नही था कि हमारे जम्मू कश्मीर के राजपरिवार के सदस्यो को एक साथ इस कार्यक्रम में मिलने का मौका मिलेगा और हम भी कभी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे जहां पर जम्मू सहित कई बड़ी हस्तियों से मिलने का भी मौका मिला। यह हमारे लिए सबसे ज्यादा गौरवमीय पल थे जब मंच पर हमारे ग्रुप के बारे में जिक्र किया गया। हम महाराज कुमार आजात शुत्रु सिंह,राजकुमार मारर्तड सिंह, राजकुमार रणविजय सिंह का आभार जताते है जिन्होंने हमें इतना बड़ा मौका दिया इस मौके पर मिस्स राधिका पवार, राकेश वर्मा ,मंजु शर्मा व और इस ग्रुप के सरंक्षक श्री मोहन सिंह जमवाल और अन्य सदस्या मौजूद थे।

# गुलमोहर एन्क्लेव में एक दिवसीय दिपावली मेले का आयोजन



संस्कार उजाला

**गाज़ियाबाद(आशा चौधरी)** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया गया जिसमें आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने द्वीप जलाकर मेले का शुभारंभ किया जिसमें बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाने पीने व्यंजनों के साथ साथ कपड़ों आदि के स्टॉल लगाये जिसका आयी सभी जनता ने प्रोग्राम का भरपूर आनंद लिया,इस अवसर पर इस अवसर पर अध्यक्ष मनवीर चौधरी उपाध्यक्ष विनम्रजैन एके जैन सुरेंद्र सिंह राजपूत सरवन कुमार विवेक गोयल, पार्षद विनील दत्त,एबीसिंह विनोद गुप्ता अमित अग्रवाल राजीव चतुवेर्दी सदर व अन्य गुलमोहर वासियों ने खुशी से आभार व्यक्त किया गया

# अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों से किया बड़ा वादा

संस्कार उजाला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को वजीरपुर विधानसभा में पदयात्रा के लिए पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों से फिर कहा कि आपका पानी का बिल बढ़कर आ रहा है तो आपको भरने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने दावा किया कि फरवरी चुनाव के बाद मैं सभी के पानी के बिल माफ करवा दूंगा। उन्होंने कहा कि 10 साल मैंने पूरी ईमानदारी से काम किया, पूरे देश में कहीं इतने काम नहीं हुए जितने दिल्ली में हुए हैं। सभी को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और इलाज मिल रहा है, लेकिन भाजपा वाले कहते हैं कि दिल्ली



की जनता को कुछ भी फ्री नहीं देना चाहिए।केजरीवाल ने वजीरपुर विधानसभा की जनता से संवाद करते हुए कहा कि जनता ने दस साल पहले मुझे दिल्ली की जिम्मेदारी दी थी। मैंने दस साल में पूरी ईमानदारी से काम किया है। दिल्ली में जितने काम हुए हैं, पूरे देश में पता कर लो, किसी भी सरकार में इतने काम नहीं किए हैं। केजरीवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में अपने रिश्तेदारों से पूछ लेना कि वहां कितने घंटे बिजली जाती है। 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है, लेकिन एक भी राज्य बता दो जहां 24 घंटे बिजली आती हो। अगर आपने गलती कर दी और इन लोगों को वोट दे दिया तो दोबारा 10-10 घंटे पावर कट लगेंगे। फिर सारी व्यवस्था खराब हो जाएगी। बड़ी मुश्किल से दिल्ली ठीक की है और 24 घंटे केवल बिजली नहीं आती है बल्कि फ्री बिजली आती है। पूरे देश में कहीं भी जीरो बिजली का बिल नहीं आता। यूपी, गुजरात और बिहार में बहुत महंगी बिजली है।

# महामाई जन कल्याण सेवा समिति एवं कॉलोनीवासी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हवन

संस्कार उजाला

**गाज़ियाबाद** 26.10.24 को मां भगवती जागरण एवं भंडारा हुआ संपन्न : महामाई जन कल्याण सेवा समिति एवं कॉलोनीवासी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हवन, भंडारा एवं मां जगत जननी का गुणगान उनकी असीम अनुकंपा से सम्पन्न हुआ। माता रानी का जागरण माता के गुण गानों और भजनों और सुंदर झांकियों का हजारों श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। महामाई जन कल्याण सेवा समिति के सचिव ललित कुमार, कोषाध्यक्ष श्री उपेंद्र मिश्रा एवं उपकोषध्यक्ष श्री अनंत देव, श्री सुशील द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल ने व्यवस्था में सहभागिता करते हुए जागरण के सफल आयोजन में भूमिका निभाई। समिति के पदाधिकरियों के साथ कॉलोनीवासियों , युवा वर्ग में श्री आशीष शुक्ला, श्री बंधन शुक्ला, श्री प्रिंस त्यागी, श्री आयुष्मान हुड्डा, और श्री प्रदीप संदीप यादव आदि द्वारा उक्त भूमिका निभाई गई। महामाई जन कल्याण सेवा समिति मोरटी, गाजियाबाद द्वारा 9 वां, भव्य जागरण एवं विशाल भंडारा करने का संकल्प लिया गया था। समिति के पदाधिकारी द्वारा कॉलोनीवासियों के साथ मिलकर प्रत्येक वर्ष कराया जाता है जागरण एवं भंडारा , समिति



द्वारा 9 वा जागरण एवं भंडारा सम्पन्न कराया गया। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल त्यागी, सचिव श्री ललित कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष श्री अनंत देव, सांस्कृतिक महामंत्री श्री प्रेम सागर यादव, मीडिया प्रभारी श्री राजू ठाकुर, कार्यकर्ता श्री सुखवीर पाल, महामंत्री श्री अखिलेश तिवारी इत्यादि ने जागरण पार्टी एवं भूरे टेंट एंड केटर्स के साथ मिलकर जागरण को और भव्य बनाया गया। दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को शाम 4:00 बजे हवन का आयोजन तथा शाम 6:00 बजे से मां भगवती के प्रसाद भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा। रात्रि 9:00 से मां भगवती की प्रचंड ज्योति का आगमन एवं मां भगवती का गुणगान प्रारंभ होगा। मां भगवती का गुणगान शुक्ला जागरण पार्टी जागरण मंडल गाजियाबाद द्वारा किया जाएगा। अबकी बार जागरण में विशेष आकर्षक झांकियां,मधुर भजन से जागरण को और अधिक मनमोहक बनाया गया। सुंदर झांकियां में सर्वप्रथम हनुमान जी की झांकी, अघोरी शिव शंकर भगवान जी की झांकी, भगवान विष्णु श्री कृष्ण राधा की सुंदर झांकी, भोले शंकर पार्वती एवं महाकाली माता की झांकी का सुंदर दीदार जागरण मंडल द्वारा कराया गया। जागरण के प्रमुख कार्यकर्ता, जागरण में सभी व्यवस्थाओं की देखरेख एवं प्रसाद वितरण आदि की समस्त भूमिकाएं निभाते हुए सभी को जागरण हेतु आमंत्रित किया गया था। जागरण के प्रमुख कार्यकर्ता एवं सहयोगी श्री अनंत देव, श्री उपेंद्र मिश्रा, श्री राहुल त्यागी, श्री प्रेम सागर यादव, श्री प्रदीप यादव, श्री अखिलेश तिवारी, श्री सुखवीर सिंह पाल मास्टर जी, श्री विनोद, श्री नीरज त्यागी, श्री सत्येंद्र त्यागी, श्री अरुण त्यागी, श्री राम जयसवाल, श्री मूलचंद शर्मा, श्री विनोद तिवारी, श्री जितेंद्र शर्मा, श्री प्रिंस त्यागी, श्री सुशील कुमार, श्री सतीश शर्मा, श्री रंजीत ठेकेदार, श्री ओमपाल ठेकेदार, श्री सुनील त्यागी, संजू शटरिंग, फौजी प्रॉपर्टीज, अनमोल साड़ी, श्री विनोद रोहिल्ला, श्री विनोद चौधरी, श्री अनिल त्यागी, हिमांशु इलेक्ट्रिकल, श्री अर्जुन सिंह फौजी, शिव मेडिकल स्टोर, प्रधान हार्डवेयर, साध्वी ज्वेलर्स, हिमांशु प्लाईवुड, श्री सोहन सिंह, श्री ओमपाल सैनी, श्री कपिल दिक्षित, श्री अनुज दिक्षित , श्री अर्जुन त्यागी, श्री अमित दीक्षित, पुनीत दिक्षित, पाल इलेक्ट्रिकल, महामाई, शटरिंग, श्री बागेश्वर बालाजी प्रॉपर्टीज, सानिध्य हार्डवेयर, श्री गगन वरिष्ठ कार्यकर्ता, श्री शिव मेडिकल स्टोर, महामाया ऑटो, चौधरी प्रॉपर्टीज, कुशल पाल रोहिल्ला, सोनू त्यागी भूतपूर्व प्रधान ग्राम मोरटी, यादव फैब्रिकेटर एवं ग्राम प्रधान श्री कांति के साथ-साथ समस्त कॉलोनीवासी , एवं महामाई जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष महामंत्री आदि का विशेष सहयोगी रहा। महामाई जनकल्याण सेवा समिति द्वारा जगत जननी महामाई का जागरण कराया गया सभी भक्तों लगभग 1500 से 1600 व्यक्तियों एवं बच्चों द्वारा मां भगवती के चरणों में आकर प्रसाद ग्रहण किया गया। महामाई जनकल्याण सेवा समिति द्वारा शुक्ला जागरण मंडल पार्टी जागरण गुणगान करता श्री सुनील शुक्ला जी को मां भगवती के नौवें जागरण के सफल आयोजन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। ललित कुमार दीक्षित, सचिव, महामाई जन कल्याण सेवा समिति।

# प्लास्टिक के पाइपों में अचानक उठने लगी आग की लपट

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। डासना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ डासना स्टैंड के समीप देव हाइट्स के गेट पर रखे प्लास्टिक के पाइपों में रविवार सुबह अचानक जबरदस्त आग लग गई,आग का विकराल रूप देख लोग इकट्ठा हो गये। जल निगम का ठेकेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पाया। जल निगम के अधीशासी अभियन्ता को आग लगने की सूचना नहीं। एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। पाइप के बंडल लगभग तीन माह से रखे हुए थे। जल निगम के ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि वह भी देव हाइट्स



में ही रह रहे हैं। रविवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पाइपों में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे अंशुल कुमार ने बताया कि आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। पाइपों में आग लगने से आसमान में जबरदस्त धुएं का गुबार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि यह पाइप पिछले तीन माह से यहां रखा हुआ था। डासना नगर पंचायत में जल निगम द्वारा पीने के पानी के लिये कस्बे में पाइप लाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 16-17 लाख रुपए की कीमत का प्लास्टिक पाइप आग लगने से नष्ट हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है जांच पड़ताल की जा रही है। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता संजय कुमार ने बताया कि जल निगम ने एचडीसीपीआरएम कम्पनी को नगर पंचायत क्षेत्र में पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य दे रखा है। पाइपों में आग लगने की सूचना उन्हें नहीं है।

# उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल, उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने संजीव कुमार गुप्ता

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उधोगपति संजीव कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल उधोग मंच का दोबारा से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकंद मिश्रा के द्वारा यह घोषणा की गयी है। संजीव गुप्ता को उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी लगातार दोबारा सौपी गयी है। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने अपने अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा और महामंत्री राजेश गुप्ता एवं दिलीप सेठ का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें दोबारा से उधोग मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उनकी जिम्मेदारी के साथ साथ संगठन की अपेक्षायें भी बड़ी होगी परन्तु में अपनी पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए, अपने व्यापारी और उधोग जगत के बन्धुओं के हितों के लिए कार्य करता रहूँगा।



# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के वार्षिकोत्सव 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारत: कथा धर्म और कर्म की' का भव्य आयोजन

*✷यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम ।।*
*परित्राणाय साधूनाम विनाशाय च दुष्कृताम। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।।✷*

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए हर वर्ष होने वाले कार्यक्रम 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारत: कथा धर्म और कर्म की' इस कथानक के प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और नृत्य कौशल की अद्वितीय झलक प्रस्तुत की। इस शानदार कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को अपनी अभूतपूर्व कला और भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने मुख्य अतिथि जे0सी0जैन, प्रेसीडेंट सी.ओ.ई.आर. यूनिवर्सिटी, रुड़की, उत्तराखंड को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय अतिथिगण गुलशन कुमार भांबरी, सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, आलोक गर्ग, ज्वाइंट सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, अजीत निगम, पार्षद, गाजियाबाद, रोटेरियन दीपक कुमार








अग्रवाल, प्रेसीडेंट रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी, रोटेरियन भारती गर्ग एवं उर्वशी का स्वागत किया गया।

सिलवारलाइन प्रेस्टीज स्कूल से नमन जैन, वाइस चेयरमैन, डॉ0 माला कपूर, फाउंडर डायरेक्ट, श' बबीता जैन, श्रीमती मोनिका जैन, डॉ0 स्वाति अग्रवाल, डायरेक्टर फाइनेंस, श्री प्रणव जैन, डायरेक्टर एडमिन एवं स्कूल प्रबन्धक, डॉ0 मंगला वैद, सलाहकार, डॉ0 गीता जोशी, प्रधानाचार्या, श्रीमती निधि गर्ग, डॉ0 अरुणा सिंहल, डायरेक्टर कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं डॉ0 सी0एस0नायर, डायरेक्टर स्ट्रेटेजी स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। राष्ट्रगान के सस्वर वाचन के माध्यम से समस्त उपस्थितजन ने देश के प्रति समर्पण भाव का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री नमन जैन ने उपस्थित अतिथिगण और अभिभावकगण को इस वार्षिकोत्सव के विषय में बताते हुए कहा कि यह कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का फल है। उन्होने सभी बाल कलाकारों की सराहना की और कार्यक्रम के आरंभ का उद्घोष किया।

सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और अपने नृत्य कौशल के माध्यम से महाभारत कथा की प्रस्तुति करते हुए गंगा अवतरण, भीष्म प्रतिज्ञा, द्रौपदी जन्म और स्वयंवर, अर्जुन विजय, इन्द्रप्रस्थ में द्रौपदी द्वारा दुर्योधन का अपमान, दुर्योधन का आक्रोश, शकुनि का प्रवेश, चौसर का खेल, द्रौपदी का विलाप और दुशासन द्वारा द्रौपदी के चीर हरण जैसे दृश्यों को अत्यंत भावपूर्ण तरीके से सबके समक्ष रखा। विद्यार्थियों की कलात्मक प्रस्तुति ने प्रत्येक दृश्य पर दर्शक दीर्घा में बैठे सभी अभिभावक एवम् अतिथिगण को करतल ध्वनि से उनकी भरपूर प्रशंसा करने को मजबूर कर दिया।

प्रत्येक दृश्य में विद्यार्थियों ने गहरे भावनात्मक संवाद और प्रभावशाली नृत्य की प्रस्तुति दीं। इस नृत्य-नाटिका के माध्यम से उन्होने दर्शकों को महाभारत के धार्मिक और नैतिक संदेश से जोड़ दिया। कार्यक्रम का समापन श्रीकृष्ण के उपदेश के साथ हुआ जिसमें श्री कृष्ण धर्म और कर्म का मर्म समझाते हैं।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जे0सी0जैन ने सभी विद्यार्थियों की इस नृत्य नाटिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार लगन के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने उनका परिचय दिया एवम् उन्हें प्रतीक चिह्न प्रदान किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम ने अपनी भव्यता और सौंदर्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन एवं फाउंडर डायरेक्टर डॉ0 माला कपूर ने सभी प्रतिभागियों को अपना स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए समस्त अभिभावकगण और शिक्षकवृंद का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011